सत्यमेव जयते

## सप्तदश

# बिहार विधान सभा

## अष्टम सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-3

बुधवार, तिथि 10 फाल्गुन, 1944 (श०) / 1 मार्च, 2023 (ई०)

प्रश्नों की कुल संख्या 209

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग | .. | .. | 94 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग | .. | .. | 34 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग | .. | .. | 13 |
| (4) | जल संसाधन विभाग | .. | .. | 43 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग | .. | .. | 13 |
| (6) | भवन निर्माण विभाग | .. | .. | 03 |
| (7) | पंचायती राज विभाग | .. | .. | 06 |
| (8) | श्रम संसाधन विभाग | .. | .. | 03 |
| | | | कुल योग -- | 209 |

सड़क का निर्माण

*149. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिलान्तर्गत पिपराही प्रखंड के परसौनी बैज से बिकाउ महतो के दरवाजे से भुवनेश्वर पाण्डेय के दरवाजे से होते हुये बागमती बाँध को जोड़ने वाली सड़क पूर्णतः अतिक्रमित है, जिसके फलस्वरूप आमजन को आवागमन में असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराते हुये सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*150. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखंड कल्याणपुर में बरईठा से देवपुर जाने वाली ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन पथ में डंडा नदी पर अवस्थित पुल की स्थिति अत्यन्त जर्जर हो गया है, जिस कारण आमजनों को आवागमन एवं परिवहन में असुविधा का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर अवस्थित जर्जर पुल के स्थान पर नये पुल का निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*151. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत मेहसी प्रखंड के परसौनी देवाजीत गाँव में रेलवे गुमटी के नजदीक नहर पर अवस्थित पुलिया जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर पुलिया के स्थान पर नया पुलिया निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नहर की उड़ाही

*152. श्री राज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के मटिहानी विधान सभा के बेगूसराय प्रखंड अन्तर्गत विनोदपुर, पचंबा और सहुरी संयुक्त पंचायतों का बधौना एवं भौकराहा चौर के नहर की उड़ाही नहीं होने से लगभग 700 एकड़ कृषि योग्य भूमि पर जल-जमाव की स्थिति अबतक बनी हुई है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों चौरों में स्थित नहर के उड़ाही कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*153. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह (क्षेत्र संख्या-1 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-2 प्रखंड के हरनाटाड-खजुरिया पथ से रहमत नगर होते हुये रामपुर हरनाटाड मुख्य सड़क तक सड़क कच्ची है तथा हरनाटाड से खजुरिया के बीच पुल नहीं रहने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर पुल का निर्माण एवं सड़क का पक्कीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का चौड़ीकरण

*154. श्रीमती भागीरथी देवी (क्षेत्र संख्या-2 रामनगर (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत प्रखंड रामनगर के पंचायत बगही सखुआनी के ग्राम-बलुआ सिंगाही को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण विगत 15 वर्ष पूर्व कराया गया था, जो विगत दस वर्षों से जर्जर है, जिसके कारण बरसात के दिनों में सड़क पर पानी लग जाता है तथा यातायात प्रभावित हो जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क को नये सिरे से चौड़ीकरण कराते हुये पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*155. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के खवासपुर बाजार से कुमारनाथ झा मुखिया के घर होते हुये चक्करघटटा मंडल टोला से संथाली चर्च तक सड़क कच्ची है, जिससे किसानों छात्र-छात्राओं एवं आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं उक्त सड़क में बरसात के तीन महीने कीचड़मय स्थिति उत्पन्न हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर पक्की सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*156. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग के सहायक लोक सूचना पदाधिकारी ने पत्रांक 06/अ0प्र0-5-18-2017, दिनांक 18 जनवरी, 2023 के द्वारा यह बताया है कि वर्तमान में ग्रामीण कार्य विभाग में कार्यपालक अभियंता के 33 पद रिक्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण कार्य विभाग में कार्यपालक अभियंता के 33 पद रिक्त रहने से विकास का कार्य बाधित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त रिक्त पदों पर सहायक अभियंताओं को प्रोन्नति देकर कार्यपालक अभियंताओं का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्ट्रीट लाइट लगाना

*157. श्री नन्द किशोर यादव (क्षेत्र संख्या-184 पटना साहिब)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पटना साहिब विधान सभा क्षेत्र में स्थित पथ निर्माण विभाग की सड़क भद्रघाट से दमरियाही घाट का निर्माण बिहार राज्य पथ विकास निगम द्वारा कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राक्कलन में प्रावधानित स्ट्रीट लाइट भद्रघाट से कंगनघाट तक लगा दिया गया है जबकि कंगन घाट से दमरियाही घाट तक स्ट्रीट लाइट अभीतक नहीं लगा है ;

(3) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य पथ विकास निगम के पत्रांक बी0एस0आर0डी0सी0 एल0टी0डी0 2551/2018, दिनांक 30 मार्च, 2022 द्वारा नगर आयुक्त, पटना नगर निगम को कंगन घाट से दमरियाही घाट के बीच स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु प्राक्कलन समर्पित करने का आग्रह किया गया था जो अभीतक अप्राप्त है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक कंगन घाट से दमरियाही घाट तक स्ट्रीट लाइट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*158. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत देवहरा से देवकुंड पथ जिसका कार्य अभी चल रहा है लेकिन यह कार्य मानक के अनुरूप एवं गुणवत्तापूर्वक नहीं हो रहा है तथा दाउदनगर गया पथ से कोईलवा, पौथू, भारतीपुर होते हुए अमवा सिवाना तक सड़क का निर्माण प्राक्कलन के अनुरूप एवं गुणवत्तापूर्वक कार्य नहीं कराने के कारण 10 दिनों के अंदर सड़क उखड़ गया है और भारतीयपुर कोईलवा एवं झिंगुरी में नाला निर्माण कराना था लेकिन अभीतक नाला निर्माण नहीं हुआ ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का जांच वरीय पदाधिकारियों से कराकर नालों का निर्माण कराने एवं दोषियों पर उचित कार्रवाई कर गुणवत्तापूर्वक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*159. श्री पवन कुमार जायसवाल (क्षेत्र संख्या-21 ढाका)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य के नेपाल से सटे सात जिलों में गुजरने वाली इंडो-नेपाल बार्डर सड़क दो लेन की जगह चार लेन बनाने का नया प्रावधान किया गया है परंतु पूर्व चंपारण, सीतामढ़ी, पश्चिमी चंपारण आदि सभी सात जिलों में चार लेन सड़क निर्माण का प्रक्रिया शुरू भी नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इंडो-नेपाल बार्डर सड़क का निर्माण फुलवरिया घाट से बनकटवा तक बिल्कुल नहीं हो पाया है, जबकि कार्य पूर्ण करने का समय दो वर्ष पूर्व ही समाप्त हो चुका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इंडो-नेपाल बॉर्डर सड़क को चार लेन करने तथा फुलवरिया घाट से बनकटवा तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कराने एवं विलंब के लिए दोषी संवेदक के विरुद्ध कार्रवाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*160. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत पीरो से सेदहां होते हुए तरारी तक की सड़क जर्जर है, यह सड़क निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बावजूद अभीतक सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है ;

(2) यदि हाँ, तो सरकार कबतक जनहित में उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*161. श्रीमती नीतु कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला के पटना शहर में वर्ष 2020 में सरकारी आवास सं0-ए 3/11, बेली रोड, मा0 सदस्य को आवंटित हुआ था, जिसमें गार्ड रूम नहीं रहने के कारण सुरक्षा गार्डों को परेशानी का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सुरक्षा को देखते हुए गार्ड रूम एवं बाथरूम का प्राक्कलन तैयार कराकर निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ से जोड़ना

*162. श्री राज कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-144 मटिहानी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत शाम्हो अकहा कुरहा प्रखंड अंतर्गत अकबरपुर बरारी पंचायत के पथला टोला एवं झगड़ाहा जगनसैदपुर के बसावट को अभीतक मुख्य पथ से नहीं जोड़े जाने के कारण बरसात के समय में यहां के लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दोनों बसावट को मुख्य पथ से जोड़ने का विचार करती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*163. श्री प्रकाश वीर (क्षेत्र संख्या-235 रजौली (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के सिरदला प्रखंड के घघट पंचायत के अवस्थित रामराय चक, जीरवातरी, मोहनिया, नदी कलौदा एवं लवनी सहित गांव के दस हजार की आबादी को जोड़ने वाला पथ में तिलैया नदी पर पुल नहीं रहने के कारण लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक तिलैया नदी पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*164. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल छपरा-2 द्वारा ईशुआपुर प्रखंड के अगौथर सुन्दर फुलेना सिंह के चेमनी से नहर होते हुए अगौथर नन्दा पुराना अहीर टोला तक पथ का निर्माण कार्य हेतु संवेदक द्वारा दिनांक 6 अगस्त, 2019 को एग्रीमेंट किया गया जिसको दिनांक 4 दिसम्बर, 2020 तक पूर्ण कराना था परंतु अभीतक पूर्ण नहीं हुआ जिसके कारण आम-आवाम को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा सड़क का निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोषी व्यक्ति के विरुद्ध जाँच करवाकर कार्रवाई करते हुए उक्त पथ को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*165. श्रीमती मंजू अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्रि, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी प्रखण्ड के ग्राम-नवादा से ग्राम-बी0 टी0 बिगहा तक एवं गोपालपुर जी0 टी0 रोड से ग्राम-पूर्वी फिट्किचक होते हुए ग्राम-कुशी तक सड़क जर्जर है, जिसके कारण आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*166. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिला के पूर्णियाँ शहर में जाममुक्त यातायात के लिए बायपास सड़क निर्माण हेतु एन0एच0-107 आर0 के0 के0 कालेज से रंगभूमि मैदान भाया चूरीपट्टी कोरठबाड़ी तक सड़क चौड़ीकरण कराने के लिए कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ द्वारा डी0पी0आर0 बनाकर स्वीकृत के लिए मुख्यालय पटना दिनांक 9 अक्टूबर, 2021 को भेजा गया था, किन्तु विभाग द्वारा डी0पी0आर0 की स्वीकृति नहीं दी गई है जिससे निर्माण कार्य लंबित है तथा शहर वासियों को जाम का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार पूर्णियाँ शहर को जाममुक्त करने हेतु उक्त सड़क के चौड़ीकरण एवं जीर्णोद्धार के लिए डी0पी0आर0 की स्वीकृति देकर सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*167. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के प्रखंड कार्यालय एवं आवासीय भवन का निर्माण अभीतक नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक केसरिया प्रखंड कार्यालय एवं आवासीय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पक्कीकरण करवाना

*168. श्री कौशल किशोर (क्षेत्र संख्या-173 राजगीर(अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत सिलाव प्रखण्ड में गिरियक नदी बाँध (छिलका से पश्चिम नहर बराज) से ग्राम-धामर, बकसू, घोस्तावां, पांकी, माधोपुर मुख्य नहर एवं पावाडीह नानंद तक तथा घोस्तावाँ से कूल मोहनपुर तक निचला सतह कच्ची है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक निचले सतह तथा दोनों किनारों का पक्कीकरण (कंक्रीट) कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*169. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अन्तर्गत जहानाबाद प्रखंड के पंचायत किनारी ग्राम-लालसे बीघा अभीतक पक्की सड़क से संपर्क विहीन है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार सभी बसावटों को पक्की सड़क से जोड़ने की घोषणा सदन में की है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त बसावट को पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*170. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज प्रखंड के नाथपुर पंचायत स्थित छपरा टोला मंदिर के पास से नरपतगंज पिठौरा जाने वाली मार्ग से नाथपुर पंचायत के वार्ड नंबर 1 तक जानेवाली सड़क वर्षों से कच्ची है, कच्ची सड़क का निर्माण कार्य नहीं होने से आमजनों, किसानों एवं छात्र-छात्राओं को कठिनाई का सामना करना पड़ता है एवं उक्त कच्ची सड़क में बरसात के महीनों में कीचड़मय स्थिति उत्पन्न हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित कच्ची सड़क को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*171. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र रक्सौल में गम्हरिया चौक रक्सौल से गम्हरिया चौक आदापुर जानेवाली सड़क जर्जर होने से आमजनों को कठिनाइयों

का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का जीर्णोद्धार अथवा नवनिर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अधिग्रहण करना

*172. श्री मनोज कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-16 कल्याणपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के विधान सभा क्षेत्र कल्याणपुर अन्तर्गत प्रखण्ड कल्याणपुर, पीच सड़क से अलौला, बखरी, मधुछपरा, बैरिया भाया बझिया बाजार, बझिया ओ०पी० थाना होते हुये जमुनिया बाजार होकर डुमरा चौक एन०एच० 27 तक 15 कि०मी० सड़क ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन है, यह सड़क दो प्रखण्डों कल्याणपुर एवं कोटवा सहित मोतिहारी जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़क है जो वहां के आमलोगों का जिला मुख्यालय के आवागमन हेतु महत्वपूर्ण मार्ग है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का अधिग्रहण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का चौड़ीकरण

*173. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा शिवाजीनगर बहेड़ी आर०सी०डी० पथ के सिंगल लेन रहने की वजह से तेज वाहनों के चपेट में अक्सर दुर्घटनाएँ होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ को डबल लेन या इंटरमीडियट लेन का स्वरूप देते हुये चौड़ीकरण के साथ फ्लैंक को दुरूस्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

दर्जा देना

*174. श्री लाल बाबू प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-20 चिरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के शिकारगंज ओ०पी०, चिरैया प्रखंड से लगभग 20 km की दूरी पर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चिरैया प्रखंड 23 पंचायत का प्रखंड हैं परन्तु शिकारगंज ओ०पी० क्षेत्र में आनेवाले 8 पंचायत के लगभग 2 लाख आबादी को प्रखंड मुख्यालय आने-जाने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार शिकारगंज को प्रखण्ड का दर्जा देने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

जल निकासी करना

*175. श्री विजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के बरारी प्रखण्ड अन्तर्गत जगदीशपुर पंचायत के तितवारी गाँव व सिक्कट पंचायत के गोबराही व तेरासी और सुजापुर पंचायत के मड़पा बलुआ के चौर में साल के लगभग छः से आठ माह तक जल-जमाव रहता है, जिससे किसानों का हजारों एकड़ भूमि में लगा फसल नष्ट हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त चौर से जल-निकासी कराने हेतु स्थायी समाधान का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पानी उपलब्ध कराना

*176. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत गोपालगंज कार्य प्रमण्डल, सारण नहर प्रमण्डल के छोटे-बड़े नहरों (वितरणी) से निकलने वाली नहर में अबतक पानी नहीं आ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त नहरों में पानी नहीं आने से सिंचाई के अभाव में फसल नष्ट हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त नहरों में सुचारू रूप से पानी उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का निर्माण

*177. श्री विद्या सागर केशरी (क्षेत्र संख्या-48 फारबिसगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत फारबिसगंज प्रखंड के तिरसकुंड समौल पंचायत के मंडल टोला में बंसीधर के मील के पास से दुखाय मंडल के घर होते हुये दहलाकानी होते हुये लहसनगंज सामुदायिक भवन तक सड़क कच्ची है, जिसका निर्माण नहीं होने से किसानों, छात्र-छात्राओं एवं आमजन को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं उक्त सड़क में बरसात के तीन महीने कीचड़मय स्थिति उत्पन्न हो जाती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक फारबिसगंज प्रखंड के तिरसकुंड समौल पंचायत के मंडल टोला में बंसीधर के मील के पास दुखय मंडल के घर होते हुये दहलाकानी होते हुये लहसनगंज सामुदायिक भवन तक पक्की सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का निर्माण

*178. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर विधान सभा के खरीक प्रखंड के ल्क् रोड नं० 14 दक्षिण ठ मानपुर से कलबलिया घाट तक सड़क जर्जर है, जिसके चलते दुर्घटना होती रहती है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

भवन का निर्माण

*179. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखंड अन्तर्गत दक्षिणी कांटाकोश पंचायत में मनोहरपुर टोला, वार्ड संख्या 5 में निर्मित पुराना सामुदायिक भवन जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सामुदायिक भवन को तोड़कर वहां नया सामुदायिक भवन बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*180. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जिला औरंगाबाद अन्तर्गत प्रखंड रफीगंज में रफीगंज-गया रोड हाते हुये सिमुहा से सिहदा से भटकुरहा तक पथ की स्थिति जर्जर है, जिसके कारण सड़क दुर्घटना हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विगत 10 वर्षों से उक्त पथ पर कोई काम पथ का रिपेयर एवं जीर्णोद्धार नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्य करवाना

*181. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिलान्तर्गत पुरैना पंचायत के ग्राम-नूरपुर वार्ड नंबर 17 एवं ग्राम रूई के वार्ड नंबर 14, 15 एवं 16 को ग्राम पंचायत पुरैना के एम०आई०एस० पोर्टल पर नहीं जोड़ा गया है, जिसके कारण चारो वार्ड में विकास कार्य बाधित हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वार्डों को ग्राम पंचायत पुरैना के एम०आई०एस० पोर्टल पर जोड़कर विकासात्मक कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*182. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत तुरकौलिया प्रखंड स्थित धनौती नदी पर ब्रिटिशकालीन निर्मित बकसवाघाट पुल जर्जर व ध्वस्त है जो दो प्रखंड मुख्यालय हरसिद्धि और तुरकौलिया को जोड़ती है, जिससे यातायात में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ध्वस्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*183. श्री शम्भू नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के ब्रम्हपुर प्रखंड में बलुआ गायघाट धनीक्षणबाबा के कुटिया से सेमरा मेन रोड पुल तक सड़क की लम्बाई 5 कि०मी० है, जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिसपर आमजनता को आने-जाने में कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क को नये सिरे से बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*184. श्रीमती शालिनी मिश्रा (क्षेत्र संख्या-15 केसरिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत केसरिया प्रखंड के लोहरगांवा पंचायत में लोहरगांवा सिसवा पटना गांव की 8 हजार आबादी को जोड़ने तथा केसरिया प्रखंड एवं जिला मुख्यालय के आवागमन को सहज करने हेतु लोहरगांवा पंचायत में पुल का निर्माण नहीं होने से आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

लाभ देना

*185. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट विधान सभा के प्रखंड काराकाट के पहरमा लख के आरा मुख्य नहर के पूर्वी छोर पर महादलित टोला है ;

(2) क्या यह बात सही है कि अभीतक इस महादलित टोले में एक भी सामुदायिक भवन, सामुदायिक शौचालय, नल-जल योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना अथवा मुख्यमंत्री आवास योजना की शुरूआत नहीं हो पाया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस महादलित टोले में आवासित लोगों के लिये भूमि उपलब्ध कराकर उक्त योजनाओं का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

राशि का भुगतान करना

*186. श्री सत्यदेव राम (क्षेत्र संख्या-107 दरौली (अ0जा0))--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि श्रम संसाधन विभाग के ''बिहार भवन एवं अन्य निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड'' द्वारा निबंधित निर्माण श्रमिकों के साठ वर्ष के पहले मृत्यु होने पर उसके नॉमिनी को दो लाख रुपये मृत्यु लाभ देने का प्रावधान है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मृत निर्माण श्रमिक वीरेंद्र प्रसाद के पुत्र रविंद्र साह द्वारा पिता के मृत्यु लाभ की राशि की माँग के लिये श्रम अधीक्षक, मोतिहारी (पू0च0) के पास आवेदन दिया गया, जिसका विधिवत जाँचोपरान्त श्रम अधीक्षक द्वारा अपनी अनुशंसा के साथ जाँच रिपोर्ट को उप-श्रमायुक्त, मुजफ्फरपुर को दिनांक 24 जून, 2022 को ही भुगतान हेतु अग्रसारित कर दिया गया, लेकिन अभीतक भुगतान नहीं हुआ ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त मृतक के आश्रित को अनुदान की राशि भुगतान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

हाई मास्ट लाइट लगाना

*187. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के बरियारपुर प्रखंड के बरियारपुर चौक (प्रोफेसर भागवत बाबू चौक) के प्रतिमा के पास लाइट नहीं लगा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त चौक पर हाई मास्ट लाइट लगाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों नहीं?

--------

सड़क का निर्माण

*188. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय (क्षेत्र संख्या-102 कुचायकोट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत पंचदेवरी प्रखंड के पंचायत भगवानपुर के प्राथमिक विद्यालय से कुर्मी टोला (बिजली सिंह) के घर तक जाने वाली कच्ची सड़क है, जिसके कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कच्ची सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*189. डॉ0 शशि भूषण सिंह (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सुगौली विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड सुगौली के पंचायत दक्षिणी मनसिंघा के ग्राम-मनसिंघा में मस्जिद से लेकर बुच्चा तक कच्ची सड़क है, जिससे आमजनता को यातायात में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सफाई कराना

*190. श्री विजय कुमार मण्डल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला में बक्सर नहर लाइन जो डिहरी से चलकर बक्सर तक जाती है उसमें गाद जमा होने के कारण पानी अंतिम छोर तक नहीं पहुँच पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर से गाद की सफाई कराकर पानी अंतिम छोर तक पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़कों का निर्माण

*191. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखंड दरियापुर में पंचायत फतेहपुर चैन के ग्राम-सरारी से पूर्णाडीह पथ स्व0 पंचायत दरियापुर के ग्राम-सदवारा पूर्वी बथान से हुकराहा मस्जिद तक पथ जीर्ण-शीर्ण एवं कच्ची है, जिसके कारण बरसात के दिनों में आमजनता को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बोल्डर पीचिंग कराना

*192. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के बिहियां प्रखंड के फिनगी पंचायत के अन्तर्गत ग्राम-रामपुर के पास धर्मावती नदी के किनारे सड़क में बोल्डर पीचिंग नहीं होने के कारण सड़क का कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी के किनारे बोल्डर पीचिंग का कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का चौड़ीकरण

*193. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज-टेढ़ागाछ सड़क एस0एच0 की मान्यता नहीं दी गई है जबकि बहादुरगंज पथ की लम्बाई लगभग 25 किलो मीटर है जो जिला तथा बहादुरगंज प्रखंड को जोड़ने वाली एकमात्र मुख्य मार्ग है, पथ का चौड़ीकरण नहीं होने से राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, साथ ही हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है तथा अबतक सैकड़ों लोगों की दुर्घटना से मृत्यु हो चुकी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ को एस0एच0 में परिवर्तित करते हुये चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*194. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के हरलाखी प्रखंड के पंचायत-पिपरौन में पिपरौन से महतो टोला तक सड़क निर्माण हेतु 9 जुलाई, 2016 को ही कार्य प्रारंभ हुआ था, किन्तु आजतक विभागीय लापरवाही के कारण इस सड़क का निर्माण पूरा नहीं हो सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण पूर्ण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पानी पहुँचाना

*195. श्री महा नंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के सोन नहर के अइयारा, अमरा, सैदपुर एवं अन्य वितरणियों की स्थिति जर्जर है और निचली छोर तक गाद मिट्टी सहित अन्य कारणों के कारण पानी नहीं पहुंचता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक सोन नहरों का सर्वे आधुनिक तकनीकी से करने के साथ वितरणियों से गाद हटाकर अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भत्ते में वृद्धि करना

*196. श्री तारकिशोर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-63 कटिहार)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत ''जीविका'' परियोजना द्वारा कुल 1552 संकुल स्तरीय संघ (सी0एल0एफ0) स्थापित किए गए हैं, जिससे पूरे बिहार में 1 करोड़ 30 लाख महिलाएं जुड़ी हैं ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त 1552 स्तरीय संघ (सी0एल0एफ0) का संचालन एवं मानदेय वृद्धि जीविका के कार्यालय आदेश-3868, दिनांक 19 जनवरी, 2015 के माध्यम से जारी गाइडलाइन के अनुरूप किया जाता है ;

(3) क्या यह बात सही है कि जीविका के कार्यालय आदेश-3868, दिनांक 19 जनवरी, 2015 के मार्गदर्शिका के अनुसार संकुल संघ के ऊपर सभी स्तरों पर प्रत्येक वर्ष मानदेय में वृद्धि की जा रही है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त कार्यालय आदेश में वर्णित 1552 संकुल स्तरीय संघ (सी0एल0एफ0) के अध्यक्ष/सचिव एवं अन्य को मिलने वाले भत्ते में वृद्धि करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराना

*197. श्री बागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अंतर्गत सोन उच्चस्तरीय कैनाल के ग्राम-सरसोली के पास 22 आर0डी0 से ग्राम-गंज तक विगत 10 वर्षों से नहर में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही, जिससे इस क्षेत्र के करीब 500 एकड़ जमीन की सिंचाई नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर का सफाई कराकर किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*198. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत वीरपुर पी0डब्ल्यू0डी0 रोड से बेगूसराय प्रखंड के कोरिया एस0एच0-55 तक जाने वाली सड़क जर्जर स्थिति में है, लगभग 05 किलो मीटर सड़क का निर्माण नहीं होने से दोनों प्रखंडों के आमजनों को यातायात में असुविधा का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*199. श्री सूर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ0जा0))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर पुल के चालू हो जाने से उत्तर बिहार के समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, मधुबनी की ओर जाने वाली वाहनों को बलिया भाया डंडारी बरवरी गढ़पुरा रोसरा पथ से समस्तीपुर पहुँचने में 50 किलो मीटर की बचत होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त वर्णित रूट से दूरी कम रहने के कारण उत्तर बिहार की तरफ जाने वाली अधिकांश वाहन उसी रूट से जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रूट में आने वाली सभी पथों का अधिग्रहण पथ निर्माण विभाग में करने और उसको चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चहारदीवारी का मरम्मती कार्य

*200. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना स्थित न्यू पुनाईचक पटना आर/1 एवं ओ/1 आवासरा का लगभग दो साल से भवन के बाहरी हिस्सा दीवार एवं चहारदीवारी का रंग रोगन एवं मरम्मत का कार्य नहीं किया गया है, जिससे उसमें आवासित लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त भवन के बाहरी हिस्सा एवं चहारदीवारी का मरम्मती कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*201. श्री छोटे लाल राय (क्षेत्र संख्या-121 परसा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत प्रखण्ड दरियापुर के पंचायत पिरारीडीह के ग्राम-पिरारी में सुखमही नदी पर पूर्व में अंग्रेज जमाने में निर्मित पुल जर्जर हो जाने के कारण आवागमन में कठिनाई एवं दुर्घटना का आशंका बना रहा है, यह पुल सुतिहार से कटसा एन0एच0आई0 के मुख्य पथ से जोड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*202. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत विस्टोरिया में डुमरिया चौक से विशनपुर पंचायत के करबला हाट जानेवाली पथ में डुमरिया से लगभग 500 मीटर दूरी पर कजरा धार में पुल नहीं रहने के कारण बरसात में लोगों का आवागमन अवरुद्ध हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त धार में पुल निर्माण कर यातायात सुलभ बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*203. श्री शम्भु नाथ यादव (क्षेत्र संख्या-199 ब्रहमपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के सेमरी प्रखंड में आरा कोईलवर तटबंध के नियाजीपुर डाला से केशोपुर मानीकपुर होते हुए वरिसवन के सामने तक बांध की लम्बाई 11 कि0मी0 है, जिसपर सड़क नहीं बनने के कारण हाटा, राजपुर, नियाजीपुर तिलक राय के डेरा, लाल सिंह के डेरा, केशोमानीकपुर, बड़का राजपुर, छोटका राजपुर इत्यादि गांवों की आमजनता को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बांध पर सड़क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाँध बनाना

*204. श्री विजय कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-51 सिकटी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत सिकटी प्रखण्ड के लूना नदी पर सैदाबाद पुल से नेपाल सीमा तक नदी के पश्चिम तट पर बाँध नहीं रहने के कारण पानी के बहाव से हजारों एकड़ में लगा फसल बर्बाद हो जाता है तथा आमलोगों को जान-माल का नुकसान होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक लूना नदी के पश्चिम तट पर सैदाबाद से नेपाल सीमा तक बाँध बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*205. श्री राकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-174 इस्लामपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला अन्तर्गत इस्लामपुर प्रखंड में बहने वाली जलवार नदी में पुल नहीं रहने के कारण धोवडीहा पंचायत के पीर बिगहा ग्राम एवं झरिया ग्राम बरसात के दिनों में प्रखण्ड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय से संपर्क टूट जाता है जिससे सरकारी एवं गैर सरकारी तथा कृषि कार्य करने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जलवार नदी में पीर बिगहा और झरिया बिगहा के सामने पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*206. श्रीमती संगीता कुमारी (क्षेत्र संख्या-204 मोहनियाँ (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के मोहनिया प्रखंड के अन्तर्गत बढ़ुपर पंचायत में अंजानवीर पोखरा से गौरिया नदी तक की लगभग 1.5 किलो मीटर सड़क जर्जर है, जिसके कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*207. श्रीमती अरूणा देवी (क्षेत्र संख्या-239 वारिसलीगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद से शाहपुर मोड़ तक स्टेट हाइवे एस०एच०-71 बना हुआ है, इस पथ को शाहपुर मोड़ पर एस०एच०-83 से मिलने के पहले 500 मी० कच्चा छोड़ दिया गया है एवं पथ में गढ्ढे हो जाने के कारण दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ को पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*208. श्री अली अशरफ सिद्दीकी (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के नाथनगर विधान सभा क्षेत्र के लैलख ममलखा में अवस्थित रेल लाईन के ऊपर पुल का निर्माण नहीं होने से आवागमन बाधित होता रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक लैलख ममलखा में अवस्थित रेलवे लाइन के ऊपर पुल का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*209. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के काको प्रखंड अन्तर्गत नोनही पंचायत के नोनही खंधा में कड़रूआ नाला पर पहल बिगहा एवं हमीनगर के सामने पुल नहीं रहने के कारण किसानों को खेती में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पहल बिगहा एवं हमीनगर के सामने कड़रूआ नाला पर पुलिया निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

स्थापना करना

*210. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही एवं खजौली प्रखंड में कौशल विकास केन्द्र की संख्या काफी कम है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार के द्वारा नौजवानों के प्रशिक्षण हेतु विभिन्न प्रखंडों में कौशल विकास केन्द्र की स्थापना किये जाने का निर्णय लिया गया है परन्तु उक्त प्रखंडों में आबादी एवं छात्र/छात्राओं की संख्या के आलोक में कौशल विकास केन्द्र की संख्या काफी कम है, जिस कारण लगभग 60 प्रतिशत छात्र/छात्राओं को प्रशिक्षण से वंचित रहना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में आबादी के अनुरूप कौशल विकास केन्द्र की स्थापना किये जाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*211. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखंड अन्तर्गत जमुआ पंचायत, वार्ड नं० 02 राजेश्वर के शीशम बगीचा से टावर चैक एमएमजीएसवाई पथ तक सड़क नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित स्थानों में सड़क निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*212. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत पुपरी प्रखण्ड के बछारपुर पंचायत में मुख्य सड़क से बिरौली होते हुये बाजपट्टी प्रखण्ड के गोररा चौक तक का सड़क जर्जर है जिसके कारण दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, यह सड़क दो विधान सभा को जोड़ने वाली प्रमुख सड़क है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*213. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत आजमनगर प्रखंड के अन्तर्गत छेमना ग्राम से धनाईकोल तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से निर्मित सड़क पर धमाईकोल अनुसूचित जाति टोला के निकट दस वर्षों से पुल ध्वस्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नदी पर पुल का निर्माण

*214. श्रीमती वीणा भारती (क्षेत्र संख्या-44 त्रिवेणीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत त्रिवेणीगंज प्रखंड के ग्राम पंचायत गुडिया के ग्राम बेलापट्टी के बेलापट्टी नदी में पुल का निर्माण नहीं किया गया है जबकि नदी के दोनों ओर विभाग द्वारा पक्की सड़क का निर्माण करा दिया गया है किन्तु पुल नहीं रहने के कारणलोगों को आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नदी पर पुल निर्माण कर लोगों का यातायात का मार्ग सुलभ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भूमि को मुक्त कराना

*215. श्री आलोक रंजन (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सहरसा शहर से सटे हुये तिलावे नदी में गाद भर जाने के कारण वर्षात के दिनों में शहर का पानी नदी में नहीं जा पाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तिलावे नदी के भर जाने एवं विभाग की उदासीनता के कारण सैकड़ों एकड़ नदी की भूमि लोगों के द्वारा अतिक्रमित कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त नदी की उड़ाही कराने एवं अतिक्रमित भूमि को मुक्त कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*216. श्री अजीत कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-201 डुमराँव)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के मझवारी पंचायत के मुकुन्दपुर गाँव को एकल सम्पर्कता पथ प्रदान करने हेतु बिहार सरकार के गजट संख्या 1367, दिनांक 15 जून, 2012 के अलोक में भूमि अधिग्रहण कर सड़क निर्माण कार्य किया जाना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त गजट निर्गत के 10 वर्ष पश्चात् अभीतक भूमि अधिग्रहण नहीं किया जा सका है जिससे मुकुन्दपुर गांव सड़क से वंचित हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भूमि अधिग्रहण कर मुकुन्दपुर को एकल सम्पर्कता पथ प्रदान करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*217. श्री रित लाल राय (क्षेत्र संख्या-186 दानापुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत दानापुर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज मुबारकपुर रघुरामपुर पंचायत के ग्राम नन्द नगर (नूरपुर चांदमारी) पार्टमर स्कूल से अरग घाट से पश्चिम की ओर होते हुये मनोज जी एवं रँजित सिंह के मकान के आगे बीर बाबु के मकान तक सड़क

कच्ची है, जिसके कारण बरसात के अलावा आम दिनों में भी जल-जमाव की समस्या बनी रहती है तथा छोटे बच्चों एवे बड़े बुजुर्ग को आने जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जल निकासी हेतु नाला एवं उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती हैं, नहीं, तो क्यों ?

------------

नाला का निर्माण

*218. श्री कृष्णनंदन पासवान (क्षेत्र संख्या-13 हरसिद्धि (अ०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत हरसिद्धि बाजार के बीच से होकर गुजरने वाली छपवा, अरेशन पथ में कन्या उच्च विद्यालय से गायत्री पेट्रोल पम्प तक संकीर्ण होने के कारण आवागमन में जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ में हरसिद्धि बाजार स्थित वर्णित स्थान पर सड़क के बीचों-बीच डीभाईडर तथा दोनों तरफ नाला निर्माण कराकर चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*219. श्री बीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसड़ा (अ०जा०)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा विधान सभा अंतर्गत सिंघिया प्रखंड के माहें पंचायत के माहें ग्राम जो करेह (बागमती) नदी के दोनों किनारे बसा हुआ है ;

(2) क्या यह सही है कि माहें ग्राम करेह (बागमती) नदी पर पुल नहीं रहने से 15 कि०मी० घूमकर अनुमंडल एवं जिला मुख्यालय, समस्तीपुर आना-जाना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सिंघिया प्रखंड के माहें ग्राम में पुल का निर्माण कराना चाहेंगे, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*220. श्री हरि नारायण सिंह (क्षेत्र संख्या-177 हरनौत)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नालंदा जिला के ग्रामीण कार्य प्रमंडल हरनौत अंतर्गत NH 31 के हरनौत बाजार से रेलवे कारखाना हरनौत होते NH 30A तक जाने वाला पथ ग्रामीण कार्य विभाग का है जो जर्जर है जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त पथ का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*221. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार के श्रमायुक्त का पत्रांक 3/डी-64/2021 श्र०स०-856, दिनांक 16 मार्च, 2022 स्थानीय नवयुवकों को रोजगार में प्राथमिकता से संबंधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि श्रमायुक्त के इस आदेश की अवहेलना कर स्थानीय नवयुवकों को गोपालगंज जिलान्तर्गत संचालित चीनी एवं इथेनॉल फैक्ट्रिया रोजगार नहीं दे रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक श्रमायुक्त, बिहार के उक्त आदेश की अवहेलना करने वालों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*222. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह (क्षेत्र संख्या-109 दरौंदा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सिवान जिलान्तर्गत हसनपुरा प्रखंड के प्रखंड मुख्यालय को जोड़ने वाली हसनपुर-महमुदपुर भाया अरजल पथ में मंद्रापाली लोहार टोली के सामने लघु नहर में बना पुल 5 वर्षों से क्षतिग्रस्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि यह पुल 3 प्रखंडों एवं एन0 एच0 531 को जोड़ती है, जिस कारण आमजन को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*223. श्रीमती भागीरथी देवी (क्षेत्र संख्या-2 रामनगर (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेतिया जिलान्तर्गत गौनाहा प्रखण्ड के ग्राम-मटिहानी से गम्हरिया एवं सरफरवा बजनी पी0एम0जी0एस0वाई0 से पिड़ाड़ी तक वित्तीय वर्ष 2020-21 में मुख्यमंत्री ग्राम संपर्क योजना से निर्मित सड़क में गुणवत्ता की कमी, घटिया सामग्री का इस्तेमाल एवं तय मानक के अनुसार कार्य नहीं कराये जाने के कारण उक्त सड़क जर्जर हो गई है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार तय मानक के अनुसार सड़क निर्माण नहीं कराने वाले दोषी संवेदक के खिलाफ कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का चौड़ीकरण

*224. श्रीमती मीना कुमारी (क्षेत्र संख्या-34 बाबूबरही)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बाबूबरही प्रखण्ड मुख्यालय से खुटौना तक जाने वाली सड़क का चौड़ीकरण नहीं हुआ है, यह सड़क दो प्रखण्डों को जोड़ती है एवं उक्त सड़क के बीच ही बाबूबरही खुटौना मुख्य मार्ग जहां तक बाबूबरही बाजार है वहां सड़क का अतिक्रमण किया गया है और लोगों के द्वारा सड़क पर पानी बहाने के कारण हमेशा जल-जमाव की समस्या बनी रहती है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकर कबतक उक्त सड़क के बीच बाबूबरही खुटौना मुख्य मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराते हुए उक्त सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का जीर्णोद्धार

*225. श्री सत्तानन्द सम्बुद्ध उर्फ ललन (क्षेत्र संख्या-145 साहेबपुर कमाल)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार सभी ग्रामीण बसावट की सड़कों को मुख्य मार्ग से जोड़ते हुए जीर्णोद्धार की योजना पर कार्य कर रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बलिया प्रखंड अंतर्गत सुधरन पथ से दनौली फुलवरिया होते हुए एन0एच0-31 तक का ग्रामीण सड़क जर्जर है, जिससे लगातार 50 हजार आबादी को मुख्य मार्ग से आने-जाने में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पूर्ण जीर्णोद्धार करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*226. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड-गडहनी से प्रखंड-जगदीशपुर को जोड़ने वाली बलिगांव मुख्यपथ लालगंज मोड़ से ग्राम-मोरासियाँ होते हुए आयर तक जाने वाली सड़क जर्जर होने से लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है एवं भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड-अगिआंव का बरूना-ननठर पथ बनने के एक माह के अन्दर ही उखड़ गया एवं जर्जर हो चुका है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त पथों के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*227. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि मुजफ्फरपुर जिला अंतर्गत कुढ़नी प्रखण्ड के कोबिया मंलग स्थान के निकट से वार्ड सदस्य महेश्वर सिंह के घर तक सड़क जर्जर है, आजादी के बाद इस सड़क में कोई कार्य ही नहीं हुआ है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्लूईस गेट का निर्माण

*228. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मोतिहारी प्रखंड अन्तर्गत लखौरा स्लूईस गेट, बहुआरी स्लूईस गेट, लक्ष्मीपुर कटहरी या स्लूईस गेट का निर्माण प्राक्कलन विभाग में लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उपर्युक्त स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*229. श्रीमती संगीता कुमारी (क्षेत्र संख्या-204 मोहनिया(अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिला के मोहनिया प्रखंड के सहवाजपुर पंचायत में नटेया पथ से मुन्ना सिंह के घर एवं सहवाजपुर मध्य विद्यालय होते हुए जितापुर तक जाने वाली सड़क जर्जर एवं दयनीय स्थिति में है ;

(2) क्या यह बात सही है कि लगभग 2.5 किलो मीटर सड़क का निर्माण नहीं होने से आमजनता को यातायात में असुविधा का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*230. श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखण्ड अन्तर्गत एस0एच0-75 से मरवा एवं बिस्फी औंसी मुख्य सड़क से सतघारा तक जाने वाली सड़क जर्जर है जिससे आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को पुनर्निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथांश का निर्माण

*231. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला अन्तर्गत प्रखंड समस्तीपुर के ग्राम सिलौत से बिरौली पुल तक बाँध पर सड़क निर्माण करायी गयी है, किन्तु सिलौत में करीब 200 मीटर में निर्माण कार्य नहीं कराया गया है एवं छुटा हुआ पथांश जर्जर है, जिससे आमलोगों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक छूटे हुये पथांश का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सिंचाई की व्यवस्था

*232. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत धरहरा प्रखंड के सतघरवा जलाशय योजना के जलग्रहण क्षेत्र में पहाड़ से निकलने वाले झरने के पानी को संग्रहित नहीं किये जाने से उस इलाके में सिंचाई के अभाव में आम किसानों को अच्छी फसल नहीं मिल पाती है जबकि इस इलाके के किसानो के लिये एकमात्र सिंचाई का साधन इस जलग्रहण क्षेत्र में पहाड़ों से निकलने वाले झरनों का पानी है, यदि हाँ, तो सरकार झरनों से निकलने वाले इस जल का कबतक समुचित प्रबंधन करते हुये उसे क्षेत्र में पहुंचाकर आम किसानों के लिये सिंचाई की सुविधा मुहैया करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*233. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत ग्राम रसौंक एवं तिनगछिया के बीच बागमती नदी पर कठौतिया घाट पर पुल नहीं रहने के कारण ग्रामीणों को जिला मुख्यालय जाने में कठिनाई होने के साथ इस क्षेत्र का विकास बाधित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री उक्त घाट पर पुल निर्माण की घोषणा किये जाने एवं ग्रामीण कार्य प्रमंडल, खगड़िया द्वारा उच्च स्तरीय पुल निर्माण का चेक लिस्ट तैयार करने के बावजूद अबतक पुल का निर्माण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पुल का शीघ्र निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*234. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत ताजपुर प्रखंड के मुरादपुर बंगरा पंचायत में बच दुर्गा स्थान से वैशाली जिला के लेवढ़न पंचायत तक जानेवाली सड़क के जर्जर होने के कारण आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

नहर का पक्कीकरण

*235. ई० शशि भूषण सिंह (क्षेत्र संख्या-11 सुगौली)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के सुगौली विधान सभा क्षेत्र के प्रखंड सुगौली में पंचायत पँजियरवा के ग्राम-देवदतवा पुल से पंचमिरवा होते हुये गमहरिया चौक तक नहर का पक्कीकरण नहीं हुआ है, जिससे किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नहर का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*236. श्री सतीश कुमार (क्षेत्र संख्या-218 मखदुमपुर अ०जा))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अन्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड के उदौन बीघा के पास एक पथिये पुल का निर्माण नहीं होने से आमजनता को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त एक पथिये पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*237. श्रीमती रेणु देवी (क्षेत्र संख्या-8 बेतिया)--क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के केवटी प्रखण्ड के अधीन रैयाम में भवन निर्माण विभाग का निरीक्षण भवन अवस्थित है ;

(2) क्या यह बात सही है कि निरीक्षण भवन के गेट पर आम आदमी द्वारा एक जेनरेटर एवं दूकान के साथ-साथ बगल में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर मकान बना लिया है जिसके चलते निरीक्षण भवन पूर्णतः असुरक्षित हो गया है ;

(3) क्या यह बात सही है कि निरीक्षण भवन के गेट पर रखे गये जेनरेटर एवं दूकान के साथ सरकारी जमीन पर बनाये गये मकान को अतिक्रमण से मुक्त करने हेतु प्रश्नकर्ता सदस्या द्वारा विभाग को विगत छः माह पूर्व एक पत्र दिया था जिस पर आजतक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निरीक्षण भवन के गेट पर रखे गये जेनरेटर हटाने एवं दुकान के साथ सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार रखती है; नहीं, तो क्यों ?

-------------

नियुक्ति करना

*238. श्री संदीप सौरभ (क्षेत्र संख्या-190 पालीगंज)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग की अधिसूचना संख्या 5565(s), दिनांक 9 नवम्बर, 2022 बिहार अभियंत्रण सेवा वर्ग-2 भर्ती (संशोधन) नियामावली 2022 को भूतलक्षी प्रभाव से लागू किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना सं० 3040(s), दिनांक 6 मार्च, 2019 के आधार पर बिहार लोक सेवा आयोग के विज्ञापन संख्या 01/2019, 2019, 3/2019, 04/2019 द्वारा सहायक अभियंता के कुल 305 पदों पर नियुक्ति के लिये दस्तावेज सत्यापन दिनांक 29 जुलाई, 2022 तक पूर्ण हो चुका है, किन्तु उक्त विज्ञापनों पर पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना संख्या 5565(s), दिनांक 9 नवम्बर, 2022 का भूतलक्षी से प्रभावी किया जाना चयनित अभ्यर्थियों का चयन के समय उल्लेखित सेवा शर्तों से भिन्न है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पथ निर्माण विभाग की अधिसूचना संख्या 5565(s), दिनांक 9 नवम्बर, 2022 से उक्त विज्ञापनों को विमुक्त रखते हुये चयनित एवं सत्यापित अभ्यर्थियों को विभाग आवंटन एवं नियुक्ति करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पानी पहुँचाना

*239. श्री विजय कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-210 दिनारा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सूर्यपुरा प्रखंड अन्तर्गत भोजपुर राजबाहा में सूर्यपुरा से नीचे पानी नहीं जा पाता है, जिसके कारण सिंचाई में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त राजबाहा की सफाई कर पानी अंतिम छोर तक पहुँचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*240. श्री कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह (क्षेत्र संख्या-109 दरौंदा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीवान जिलान्तर्गत हसनपुरा प्रखंड के सरैया पुल का एप्रोच रोड नहीं बनने के कारण हसनपुरा बाजार में घंटों जाम लगा रहता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि हसनपुरा बाजार में जाम होने से लगभग तीन विधान सभा क्षेत्र दरौंदा, रघुनाथपुर एवं दरौली के आमजन को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक वर्णित पुल के एप्रोच रोड की स्वीकृति प्रदान कर रोड बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*241. श्री मिथिलेश कुमार (क्षेत्र संख्या-28 सीतामढ़ी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सीतामढ़ी नगर निगम क्षेत्र में मेजर चन्द्र भूषण द्विवेदी द्वारा से अम्बेदकर चौक जानेवाली बाईपास सड़क जर्जर हो चुकी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

निर्माण कराना

*242. श्री सुधाकर सिंह (क्षेत्र संख्या-203 रामगढ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास एवं कैमूर जिला में सोन नहर अंतर्गत गारा चौबे एवं करहगर लाइन माईनर का 25 साल पहले निर्माण किया गया था, जिसमें हाल में के दिनों में गाद भर गया है जिससे पानी टेल एंड तक नहीं जाता है एवं किसानों के खेत का पटवन नहीं हो पाता हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त माइनर का पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*243. श्री अशोक कुमार (क्षेत्र संख्या-132 वारिसनगर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर शहर स्थित ROB के साथ जननायक कर्पूरी ठाकुर सेतु पर दोनों तरफ प्रतिदिन लगने वाले लम्बे जाम से लोगों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक समस्तीपुर शहर में आर०ओ०बी० से मथुरापुर बाजार समिति तक लगने वाले लंबे जाम तथा असुविधा से मुक्ति के लिये बुढ़ी गंडक नदी के राजघाट में RCC पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*244. श्रीमती वीणा भारती (क्षेत्र संख्या-44 त्रिवेणीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिलान्तर्गत त्रिवेणीगंज प्रखंड

के ग्राम पंचायत जदिया के ग्राम-जदिया में वार्ड नं० 15 से वार्ड नं० 13 और वार्ड नं० 14 को जोड़ने वाली 2 किलो मीटर सड़क का निर्माण कार्य नारायणी कंसट्रक्शन कंपनी द्वारा वर्ष 2018-19 में प्रारंभ किया गया और जी०एस०बी० करके छोड़ दिया गया है, जिससे आजतक उस सड़क का निर्माण कार्य अवरुद्ध है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का पुनः निविदा निकालकर सड़क निर्माण कार्य पूर्ण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*245. श्री विजय सिंह (क्षेत्र संख्या-68 बरारी)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखंड मुख्यालय का भवन एवं आवासीय परिसर लगभग 50 वर्ष पूर्व निर्माण कराया गया था जो जर्जर है, जिसके कारण बरसात के दिनों में पदाधिकारी/कर्मियों को कार्य करने में कठिनाई होती है और सरकारी अभिलेख खराब हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड मुख्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बाइपास का निर्माण

*246. डॉक्टर संजीव कुमार (क्षेत्र संख्या-151 परबत्ता)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पथ निर्माण विभाग द्वारा खगड़िया जिला के गोगरी प्रखंड में नया बाईपास पथ (महेशखूँट-गोगरी-परबत्ता-सुल्तानगंज घाट पथ में भगवान हाई स्कूल, गोगरी जमालपुर से जी०एन० बांध होते हुये महेशखूँट-गोगरी-परबत्ता-सुल्तानगंज घाट पथ में फतेहपुर तक बाइपास पथ निर्माण कार्य वर्ष 2020-21, प्राक्कलित राशि 9,03,74,000.00 के निर्माण/उन्नयन कार्य स्वीकृत है जिसकी निविदा की प्रक्रिया आरंभ नहीं हुई है, जिससे वहां पे जाम लग जाता है और आये दिन मरीजों की जान चली जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक खगड़िया जिला के गोगरी प्रखंड में उक्त बाइपास पथ निर्माण कार्य के निविदा की प्रक्रिया आरंभ कर बाइपास निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का जीर्णोद्धार

*247. श्री अजय कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-166 जमालपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत जमालपुर नगरपालिका की दो सड़कें सफियाबाद से जुबलीवेल तथा जुबलीवेल से फुलका तक चलने वाली गाड़ियों की संख्या बहुत अधिक है जिससे इन सड़कों पर यातायात का दबाव है तथा ये सड़कें पथ निर्माण विभाग द्वारा अधिग्रहण की शर्तों को पूरा करती है, यदि हाँ, तो सरकार इन दोनों सड़कों का अधिग्रहण पथ निर्माण विभाग में करते हुये उसका जीर्णोद्धार कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क की मरम्मती

*248. श्री दिलीप राय (क्षेत्र संख्या-26 सुरसंड)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत पुपरी प्रखंड के मधुबनी चौक से चोरौत जाने वाली सड़क 14 कि०मी० जर्जर अवस्था में है, यह सड़क के जर्जर होने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है साथ ही आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को मरम्मत कराने का विचार रखती है नहीं, तो क्यों ?

### सड़क से जोड़ना

*249. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगाँव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखंड अन्तर्गत दीदानगर गाँव का पक्की सड़क से सम्पर्क नहीं होने के कारण ग्रामवासियों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दीदानगर गाँव को पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### सड़क का निर्माण

*250. श्री चेतन आनंद (क्षेत्र संख्या-22 शिवहर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शिवहर जिले के फतेहपुर गढ़ से लेकर लालगढ़ तक मुख्यमंत्री योजना के अन्तर्गत निर्मित सड़क जर्जर स्थिति में है तथा आमजन को आवागमन में असुविधाओं का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### कार्रवाई करना

*251. श्री रामप्रवेश राय (क्षेत्र संख्या-100 बरौली)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री ग्राम सम्पर्क योजनान्तर्गत बरौली प्रखंड में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल-2 द्वारा पिपरहिया से नेठरी पी0सी0सी0 पथ का कार्य 26 मई, 2021 तक पूर्ण करना था लेकिन आजतक अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कार्य को पूर्ण कराने एवं कार्य में विलम्ब करने वाले दोषियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### बोल्डर पीचिंग एवं बाँध पर मिट्टीकरण कराना

*252. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभूतिपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर प्रखंड अन्तर्गत पंचायत सिंघिया बुजुर्ग उत्तर के वार्ड 3, 4, 5, 9 एवं 10 में बुढ़ी गंडक नदी के तटबंध पर सिवान चौक के तिनबटिया से लेकर भगवती स्थान होते हुये सिंघिया घाट तक बाँध का कटाव जारी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थानों पर बोल्डर पीचिंग एवं बाँध पर मिट्टीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

### बाँध का जीर्णोद्धार

*253. डॉ0 निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ0ज0जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिला अन्तर्गत बौंसी प्रखंड के सिंकदरपुर पंचायत के लोगाय ग्राम में वारा बाँध-सह-आउटलेट एवं कटोरिया प्रखंड अन्तर्गत तरगच्छा पंचायत के कडवामारनी ग्राम में बड़का बाँध जर्जर हो जाने के कारण लगभग 1000 एकड़ भूमि की सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त बाँधों का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ निर्माण

*254. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कार्य पथ प्रमंडल, हिलसा के कार्यपालक अभियंता के पत्रांक 1174, दिनांक 18 सितम्बर, 2019, पत्रांक 1186, दिनांक 20 सितम्बर, 2019 एवं पत्रांक 806, दिनांक 17 जुलाई, 2018 के द्वारा बाँस बिगहा से हिलसा, बाँस बिगहा से गोविन्दपुर तेल्हाड़ा पथ, भाया-मण्डाछ पथ का अधिग्रहण हेतु फिजिब्लिटी प्रतिवेदन पथ निर्माण विभाग को पथ अधिग्रहण हेतु उपलब्ध करा दिया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बाँस बिगहा गोविन्दपुर तेल्हाड़ा पथ भाया-मण्डाछ, हिलसा-इस्लामपुर-घोसी-मसौढ़ी चार विधान सभा को जोड़ने वाली जनोपयोगी पथ का फिजिब्लिटी प्रतिवेदन विभाग को उपलब्ध करा दिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त वर्णित ग्रामीण पथ को पथ निर्माण विभाग को अधिग्रहण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*255. श्री कुंदन कुमार (क्षेत्र संख्या-146 बेगूसराय)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बेगूसराय प्रखंड के कैथ पंचायत के भूखमरिया ढाला से कैथ के बाबा स्थान तक की सड़क जर्जर है, लगभग 3 किलो मीटर सड़क का निर्माण नहीं होने से दो प्रखंडों के आमजनों को यातायात में असुविधा का सामना करना पड़ता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*256. श्री सतीश कुमार (क्षेत्र संख्या-218 मखदुमपुर (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अन्तर्गत मखदुमपुर प्रखंड के धराऊत नहर के ग्राम-हेरीडीह चक ढोडा के बीच एकपथीये पुल का निर्माण नहीं होने से आमजनता को चलने में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त एकपथीये पुल का निर्माण करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध बनाना

*257. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ0जा0))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड देव के ग्राम पंचायत दुलारे के ग्राम-झरना के पास रामरेखा नदी पर बना परसावाँ तरी डैम का बाँध एवं फाटक जर्जर है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त डैम के बाँध एवं फाटक का नव-निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*258. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड अन्तर्गत विष्णुपुर पी0डब्लू0डी0 पथ से मुशहर टोली एवं मनपौर पी0डब्लू0डी0 पथ से पासवान टोला तक की सड़क कच्ची सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों सड़क पक्की सड़क नहीं होने के कारण अनुसूचित समाज के लोगों को प्रखंड मुख्यालय एवं जिला मुख्यालय आने-जाने में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंडान्तर्गत विष्णुपुर पी0डब्लू0डी0 से मुशहरी टोला एवं मनपौर से पासवान टोला तक जाने वाली सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्लूईस गेट का निर्माण

*259. श्री हरीभूषण ठाकुर ''बचोल'' (क्षेत्र संख्या-35 बिस्फी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के रहिका प्रखण्ड अन्तर्गत सौराठ एवं जगतपुर के बीच जीवछ नदी पर स्लूईस गेट नहीं है, जिससे पटवन के अभाव में किसानों का हजारों एकड़ में लगी फसल बर्बाद हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार कबक उक्त नदी पर स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*260. श्रीमती कविता देवी (क्षेत्र संख्या-69 कोढ़ा (अ0जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत मधुरा में कारी कोसी नदी पर पुल नहीं रहने के कारण 15 गाँव के ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*261. श्री श्यामबाबू प्रसाद यादव (क्षेत्र संख्या-17 पिपरा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत मेहसी प्रखण्ड के परसौनी देवाजीत गाँव में रेलवे गुमटी से महादलित बस्ती तक सड़क कच्ची है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ का सर्वे छूटे हुए बसावट अंतर्गत कर लिया गया है जिसका सर्वे ID 29797 है लेकिन कोर नेटवर्क में नहीं होने से सड़क निर्माण नहीं हो पाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार कबतक उक्त पथ को कोर नेटवर्क में शामिल कर सड़क निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध बनाना

*262. डॉ0 रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दिघवारा प्रखंड के रामपुर आमी पंचायत अन्तर्गत एन0एच0-19 से तीर्थ स्थल अम्बिका भवानी मंदिर जाने वाली ग्रामीण बांध, सड़क गंगा नदी की ओर से नीचे रहने के कारण नदी का जल स्तर बढ़ने पर ग्रामीण बांध के उपर से (ओवर टाप) होकर पानी पूरे इलाके में फैल जाता है, जिससे आस-पास के गांव में जल-जमाव की समस्या उत्पन्न हो जाती है साथ ही एन0एच0-19 भी अवरुद्ध हो जाता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्रामीण बांध का उच्चीकरण एवं सुरक्षा पक्का दिवार (रिटेनिंग वाल) का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*263. श्री प्रमोद कुमार (क्षेत्र संख्या-19 मोतिहारी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला मुख्यालय मोतिहारी शहर के बीचों-बीच मोतिझील स्थित है, जिस पर एन0एच0-1 छतौन बरियारपुर से श्री कृष्ण नगर एल0 एन0 ओ0 कॉलेज, नगर थाना स्टेशन, अस्पताल, बाजार समिति होते हुए एन0 एच0-9 सिधिया जोड़ने वाला ओभर फ्लाई पुल का डी0पी0आर0 वर्ष 2019 से पुल निर्माण निगम में लंबित है, जिससे अत्याधिक जाम की समस्या बनी हुई है, यदि हाँ, तो सरकार जाम से निजात दिलाने हेतु मोतिझील पर ओभर फ्लाई पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*264. श्री सुर्यकान्त पासवान (क्षेत्र संख्या-147 बखरी (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला अंतर्गत नावकोटी प्रखंड के विष्णुपुर पंचायत स्थित देवपुरा वार्ड नं0-09 अल्पसंख्यक मुहल्ला में पहुँच पथ नहीं है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित अल्पसंख्यक मुहल्ला में पहुँच पथ बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*265. श्री अशोक कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-92 सकरा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखण्डान्तर्गत बाजी बुजुंर्ग पंचायत के श्यामपुर घाट ग्राम के दोनों तरफ घनी आबादी है ;

(2) क्या यह बात सही है कि श्यामपुर घाट पर पुल नहीं रहने के कारण दोनों तरफ लोगों को आने-जाने में 3-4 कि0मी0 की दूरी तय करनी पड़ती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक श्यामपुर घाट पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

मिट्‌टी भराई एवं बोल्डर पिचिंग कराना

*266. श्री सुरेन्द्र मेहता (क्षेत्र संख्या-142 बछवाड़ा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखण्ड के महेशपुर पंचायत के महेशपुर गांव की सड़क बलान नदी के कटाव के कारण नदी में समा चुका है, एवं आमलोगों का घर भी कट रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर कटाव रोकने के लिए मिट्‌टी भराई एवं बोल्डर पिचिंग कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*267. श्री राम चन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-84 हायाघाट)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड अंतर्गत परोरिया से सिहुलियाही सड़क जिसकी लंबाई लगभग सात किलोमीटर है जो जर्जर है ;

(2) क्या यह बात सही है कि विभाग द्वारा वर्ष 2019-20 में इस सड़क का टेंडर कर निर्माण की स्वीकृति दी गयी थी तथा दिनांक 7 फरवरी, 2021 तक निर्माण कार्य पूर्ण करना था परंतु अभीतक इस सड़क में कार्य प्रारंभ भी नहीं किया गया है यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बियर निर्माण

*268. श्री मुकेश कुमार रौशन (क्षेत्र संख्या-126 महुआ)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिले के सिंचाई प्रमण्डल, उवेरास्थान के अन्तर्गत मोदनगंज प्रखण्ड में गजौआपर एवं मठपर/ठिकहीपर के बीच भूतही नदी में बियर निर्माण का प्रस्ताव है ;

(2) क्या यह बात सही है कि मुख्य अभियंता, सिंचाई सृजन जल संसाधन, नालन्दा/बिहारशरीफ के पत्रांक 2285, दिनांक 17 नवम्बर, 2012 के द्वारा सिंचाई कार्य प्रमण्डल, उवेरास्थान को स्थल जाँच हेतु प्रतिवेदन उपरान्त स्थल निरीक्षण किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार भूतही नदी में गजौआपर एवं मठपर/ठिकहीपर के बीच बियर निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ की मरम्मती

*269. श्री आलोक रंजन (क्षेत्र संख्या-75 सहरसा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के सहरसा भारतीय नगर से सोनवर्षा कचहरी पथ ओपीआरएमसी रहने के बावजूद भी सड़क की ठीक से मरम्मती नहीं हो रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सड़क के दोनों किनारे के गड्ढे को सड़क निर्माण के बाद आजतक नहीं भरा गया, जिससे प्रतिदिन दुर्घटना होती रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक इस पथ को मरम्मत करवाकर पथ के दोनों किनारों को भरवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*270. श्री अख्तरूल इस्लाम शाहीन (क्षेत्र संख्या-133 समस्तीपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखंड समस्तीपुर के शिवनंदन चौक के निकट भाया हकीमाबाद होते हुये सिक्कर ढाला की ओर जाने वाली सड़क यातायात की दृष्टिकोण से जनोपयोगी है, परंतु सड़क में जल-जमाव के कारण सड़क की स्थिति जर्जर है एवं आये दिन दुर्घटनाएँ घटती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*271. श्री संजय कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-30 बेलसंड)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के बेलसंड प्रखण्ड के बेलसंड में पथ निर्माण विभाग, मुजफ्फरपुर का लगभग 50 डीसमील जमीन उपलब्ध है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त खाली जमीन में आई०बी० का भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*272. श्री बीरेन्द्र सिंह (क्षेत्र संख्या-234 वजीरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सरकार के द्वारा घोषणा की गयी है कि सभी बसावट टोला तक सड़क का निर्माण कराया जायेगा ;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत वजीरगंज प्रखंड के ग्राम भोजपुर से चुल्हाइं बिगहा

तक सड़क का निर्माण नहीं होने से जनता को कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का निर्माण

*273. श्री मनोज मंजिल (क्षेत्र संख्या-195 अगिआँव (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड अगिआंव के पवना-नरौनी-खोपिरा-पाली ढिबर टोला पथ एवं बड़गांव पंचायत के ग्राम-नरियाडीह प्राथमिक विद्यालय से ग्राम-डिहरा तक सड़क जर्जर है, जिससे ग्रामीणों और स्कूली छात्र/छात्राओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथों के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

कार्रवाई करना

*274. श्री जय प्रकाश यादव (क्षेत्र संख्या-46 नरपतगंज)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत नरपतगंज प्रखण्ड के पलासी पंचायत से गुजरने वाली पीबीसी कैनाल को एनएच 57 से दक्षिण पलासी से रामपुर तक अवैध रूप से मिट्टी कटाई कर क्षतिग्रस्त किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त कैनाल से अवैध मिट्टी कटाई को रूकवा कर संबंधित पदाधिकारियों पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पईन की उड़ाही

*275. श्रीमती नीतू कुमारी (क्षेत्र संख्या-236 हिसुआ)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के हिसुआ विधान सभा अन्तर्गत प्रखण्ड नरहट के ग्राम-बदलपुर से धनार्जय नदी के मुहाने से जो पईन प्रखण्ड अकबरपुर के ग्राम सकरापुर तक गयी है उसमें आजतक खुदाई किसी मद से नहीं कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पईन की खुदाई नहीं कराने से आस-पास के सैकड़ों गाँव के किसानों को कृषि कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पईन की सफाई एवं आवश्यकतानुसार जगह-जगह छिलका निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*276. श्री राजेश कुमार (क्षेत्र संख्या-222 कुटुम्बा (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत प्रखंड देव के ग्राम बनुआ में P.M.G कैनाल के आरेखन पर लिलजल नदी पर बना पुल बाढ़ से टूट जाने के कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर नया पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

भवन निर्माण

*277. श्रीमती मंजु अग्रवाल (क्षेत्र संख्या-226 शेरघाटी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी एवं डोभी प्रखण्ड में नया सूचना एवं प्रौद्योगिकी केन्द्र भवन का निर्माण कराया गया है, जबकि आमस प्रखंड कार्यालय को पुराने एवं जीर्ण-शीर्ण भवन में ही संचालित किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त प्रखंड में प्रखण्ड कार्यालय का नया भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

नाला का निर्माण

*278. श्रीमती गायत्री देवी (क्षेत्र संख्या-25 परिहार)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के कुम्मा से बेला 21.75 कि०मी० सड़क पथ निर्माण विभाग की सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2011-12 में 34 करोड़ की लागत से सड़क का निर्माण कराया गया था जिसमें प्रखण्ड मुख्यालय, परिहार में एवं मानिकपुर मुशहरनियां में नाला का भी निर्माण करना था जो अधूरा ही है जिससे नाले का गंदा पानी सड़क पर बहता रहता है और सड़क टूटने की स्थिति में है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक सीतामढ़ी जिला के कुम्मा बेला पथ में परिहार एवं मानिकपुर मुशहरनियाँ में नाला निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*279. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान ज़िला के महाराजगंज प्रमण्डल अन्तर्गत बसंतपुर प्रखंड के कन्हौली से बसांव तक की सड़क एवं लकड़ी नवीगंज प्रखण्ड के लकड़ी नवीगंज से पड़ौली तक सड़क सहित उक्त दोनों प्रखंडों की सड़कें जो पंचवर्षीय अनुरक्षण अवधि से बाहर है, जो गड्ढे में तब्दील हो गयी है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़कों का पुनः निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*280. श्री सुधांशु शेखर (क्षेत्र संख्या-31 हरलाखी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के मधवापुर प्रखण्ड के उत्तरा पंचायत में महादलित टोला से लोमा चैक तक सड़क जर्जर स्थिति में है, जिस कारण आमलोगों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

भवन का निर्माण

*281. श्री मिश्री लाल यादव (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के अलीनगर विधान सभा अन्तर्गत प्रखण्ड तारडीह में प्रखंड मुख्यालय भवन नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा तारडीह प्रखण्ड मुख्यालय भवन बनाने हेतु जमीन किसानों से अधिग्रहण कर लिया गया है, लेकिन वर्षों से भू-स्वामी किसानों को जमीन का उचित मूल्य नहीं मिल पाया है, जिसके कारण तारडीह में प्रखंड मुख्यालय भवन नहीं बनाया जा सका है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार किसानों के जमीन का उचित मूल्य देते हुये तारडीह प्रखण्ड मुख्यालय भवन का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

कटाव निरोधक कार्य कराना

*282. श्री सत्तानन्द सम्बुद्ध उर्फ ललन (क्षेत्र संख्या-145 साहेबपुर कमाल)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में नदियों के कटाव से बचाव के लिये तटबंध या सुरक्षा बाँध का निर्माण कराया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के बलिया प्रखंड अन्तर्गत दियारा में गंगा नदी से लगातार कटाव हो रहा है, जिससे कृषि योग्य भूमि एवं आवासीय गाँव भी कट रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त दियारा क्षेत्र में कटावरोधी कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

ठोस प्रबंधन की व्यवस्था करना

*283. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के नौतन प्रखंड अन्तर्गत बलुआ से जयनगर, कठैया से बैकुठवा तथा बैरिया प्रखंड के पखनाहा से सिंगही में सड़क के किनारे मनरेगा योजना से वर्ष 2017 में लाखों रुपये के पौधे लगाये गये थे जो सभी मृत हो गये हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त योजना से लगाये जाने वाले पौधे के संरक्षण हेतु ठोस प्रबंधन की व्यवस्था करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*284. श्री विजय कुमार खेमका (क्षेत्र संख्या-62 पूर्णियाँ)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ शहर में जाममुक्त यातायात के लिये बायपास सड़क निर्माण लाइन बाजार चैक एन०एच०31 पूर्णियाँ शहरी भाग से पोलिटेक्निक चैक तक सड़क चौड़ीकरण कराने हेतु कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, पूर्णियाँ, द्वारा डी०पी०आर० बनाकर स्वीकृति के लिये मुख्यालय, पटना दिनांक 9 अक्टूबर, 2021 को भेजा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ निर्माण के लिये अबतक विभाग द्वारा डी०पी०आर० की स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी है जिससे निर्माण कार्य लंबित है तथा शहरवासी को प्रत्येक दिन घंटों जाम में फंसे रहना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक पूर्णियाँ शहर में जाममुक्त यातायात के लिये उक्त सड़क के चौड़ीकरण एवं जीर्णोद्धार हेतु डी०पी०आर० की स्वीकृति प्रदान कर सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

निकासी कराना

*285. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला अन्तर्गत बोखड़ा प्रखण्ड के एक हजार एकड़ में फैला इटारी चैक जिसमें ग्राम-गोड़हउल, बनौल, कुरहर, पंडौल, रायपुर सहित दर्जनों गाँव का बरसाती पानी का जमाव होता है, लेकिन उक्त पानी का समुचित निकासी नहीं है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त चैक के पानी का समुचित निकासी नहीं होने के कारण बोखड़ा प्रखंड के किसानों का हजारों एकड़ धान की खेती हर वर्ष बर्बाद होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस समस्या को दूर करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का पक्कीकरण

*286. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड नीमचक बथानी में अतरी-बथानी मुख्य पथ में माधो विगहा भुनटोली से पहाड़ के किनारे बिजली पावर ग्रिड तक कच्ची सड़क गई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आजादी के 75 साल बाद भी अभीतक उक्त सड़क को ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा पक्कीकरण नहीं कराया गया है जिसके वजह से ग्रामीणों एवं पावर ग्रिड के स्टाफ को आने-जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बाँध का पुनः जीर्णोद्धार

*287. श्री राम चन्द्र प्रसाद (क्षेत्र संख्या-84 हायाघाट)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहेड़ी प्रखंड अन्तर्गत सुसारी तुर्की पंचायत के नंदापट्टी गाँव से बलिगाँव बघौल घाट तक कमला नदी के दोनों तरफ का सुरक्षा बाँध पूर्णतः ध्वस्त हो जाने के कारण प्रत्येक वर्ष बाढ़ के कारण कमला नदी के दोनों तरफ सैंकड़ों एकड़ में लगी फसल बर्बाद हो जाती है तथा सैंकड़ों घरो में बाढ़ का पानी घुस जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक खंड (1) में वर्णित सुरक्षा बाँध को पुनः जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*288. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के प्रखंड इटाढ़ी के उन्नवास से सावना जीगना होते हुये बसावकला तक सड़क 15 किलो मीटर है, जो जर्जर स्थिति में है, जिससे यातायात में कठिनाई होती है तथा आये दिन दुर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बक्सर जिला के प्रखंड इटाढ़ी के उन्नवास से सावना जीगना होते हुये बसावकला तक सड़क निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

नाला का निर्माण

*289. श्री अजय कुमार (क्षेत्र संख्या-138 विभुतिपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला एस0एच0 88, दलसिंहसराय पथ में सिंघियाघाट बाजार से भूतहा चैक होते हुये अरूण चैक तक नाला का निर्माण नहीं होने से बरसात के समय शिवनाथपुर, कोदरिया, महना, रामटोल इत्यादि गाँवों के घरों में पानी जमा हो जाता है, जिससे लोगों का जन-जीवन, अस्त-व्यस्त हो जाता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थानों पर एस0एच0 दलसिंहसराय पथ के किनारे नाला का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*290. श्री संजय कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-30 बेलसंड)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड प्रखंड में बागमती बाँध के सटे ग्राम-रुपौली, सुन्दरपुर, सौली गाँव नें ढाला एवं पुल का निर्माण नहीं होने से बाढ़ के दिनों में आमजनों को कठिनाई होती है और कृषि कार्य प्रभावित होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गाँव में ढाला एवं पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*291. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के बेलहर प्रखंड स्थित तेलहर पंचायत ग्राम-तेगड़ा में जंगली यादव के घर से भाया रामबाबु बाँध होते हुये गुटिया आदिवासी टोला तक सड़क निर्माण नहीं हुआ है, जिससे आमजनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सशक्तिकरण करना

*292. श्री अरूण शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-33 खजौली)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में ग्राम कचहरी के द्वारा आपसी झगड़ा एवं भूमि विवादों का निवटारें का कार्य लगातार किया जाता है, परंतु ग्राम कचहरी को अभीतक सरकार द्वारा आदेशपाल, भू-मापक अमीन, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं ग्राम रक्षा दल को नियोजित कर उपलब्ध नहीं कराया गया है जिससे सरपंच एवं पंच को अपने कर्त्तव्य के निर्वाहन में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि ग्राम कचहरी के पंच, सरपंच एवं न्यायमित्र को ससमय मानदेय का भुगतान नहीं हो पाता है जिससे उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो अभीतक ग्राम कचहरी के सशक्तिकरण के दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं किये जाने का क्या औचित्य है ?

--------

सड़क का पक्कीकरण

*293. श्री अजय यादव (क्षेत्र संख्या-233 अतरी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला अन्तर्गत प्रखंड खिजरसराय में सरवहदा मिलकी रोड से खुसहालपुर चौधरी टोला तक कच्ची सड़क है ;

(2) क्या यह बात सही है कि आजादी के 75 साल बाद भी उक्त सड़क को पक्कीकरण नहीं कराया गया है जिस कारण से आमजनता को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क को पक्कीकरण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*294. श्री केदार प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-93 कुढ़नी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा-करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला अन्तर्गत मरीया चौक से सभा पथ काफी जर्जर है, जिससे आवागमन में आमजनों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण करना चाहती है, नहीं तो क्यों ?

सुविधा उपलब्ध कराना

*295. श्री कृष्ण कुमार मंटू (क्षेत्र संख्या-120 अमनौर)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत अमनौर प्रखण्ड के तीन पंचायतों में वर्ष 2018 में ही पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत सरकार भवनों का निर्माण नागरिक सुविधाओं के लिए कराया गया था परन्तु आजतक सुचारू कार्यालय संचालन शुरू नहीं हो पाया है जिससे आमजन को परेशानी होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पंचायत सरकार भवनों में नागरिक सुविधा उपलब्ध कराने एवं सुचारू कार्यालय संचालन कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*296. श्री कौशल किशोर (क्षेत्र संख्या-173 राजगीर (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालंदा जिलान्तर्गत सिलाव प्रखण्ड के ग्राम पंचायत, धरहरा के सुंदर विगहा टोला-नदी पार से मुख्यालय जाने के लिए कोई भी सड़क नहीं है, एन0एच0-31 महानन्दपुर बिगहा पर से ग्राम सुन्दर बिगहा तक कच्ची सड़क है, जिसके कारण वहाँ के लोगों को आवागमन में परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

भवन का निर्माण

*297. श्री बीरेन्द्र कुमार (क्षेत्र संख्या-139 रोसडा (अ0 जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के रोसड़ा विधान सभा अंतर्गत सिंघिया प्रखण्ड में कार्यालय एवं अंचल कार्यालय का भवन जर्जर स्थिति में है भवन जर्जर रहने एवं वर्षा के समय 3 फीट जल-जमाव के कारण वहां के पदाधिकारी एवं कर्मचारी भयभीत रहकर कार्य करते हैं ;

(2) यदि उपरोक्त खण्डों का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक सिंघिया प्रखण्ड एवं अंचल कार्यालय का एक नया भवन का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

बहियार से पानी की निकासी करना

*298. श्री प्रणव कुमार (क्षेत्र संख्या-165 मुंगेर)--क्या मंत्री, ''लघु जल संसाधन विभाग'' यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के जानकी नगर, कटारिया, मिर्जापुर बरदह, नवागढ़ी उत्तरी पंचायत के भू-भाग को चिकदह के नाम से जाना जाता है, यहाँ पर सालों भर पानी जमा रहने से यहां के किसान खेती नहीं कर पाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बहियार से पानी की निकासी कर पूरे बहियार को खेती लायक बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

गाइड वॉल का निर्माण

*299. श्री विजय कुमार (क्षेत्र संख्या-169 शेखपुरा)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि शेखपुरा जिला अंतर्गत अरियरी प्रखंड के सनैया पंचायत के मिल्की गांव में नदी से कटाव हो रहा है, जिसके कारण कई घर नदी में समा गये है और बरसात के दिनों में आम जनजीवन प्रभावित रहता हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त गांव में कटाव निरोधक गाइड वॉल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

स्लूईस गेट का निर्माण

*300. श्री प्रमोद कुमार सिन्हा (क्षेत्र संख्या-10 रक्सौल)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चंपारण जिला अंतर्गत रक्सौल प्रखंड के पुरेन्दरा पंचायत के पुरेन्दरा ग्राम में घरेवा स्थित खरोह नदी में स्लूईस गेट का निर्माण नहीं होने से पानी बह कर नीचे चला जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नदी का पानी नहीं रूकने के कारण हजारों एकड़ भूमि सिंचाई सुविधा से वंचित रह जाती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडो के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक पुरन्दरा गांव के समीप खरोह नदी में स्लूईस गेट का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

निर्माण कराना

*301. श्री वीरेंद्र प्रसाद गुप्ता (क्षेत्र संख्या-9 सिकटा)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पं0 चम्पारण जिलान्तर्गत लघु सिंचाई मंडल बेतिया द्वारा सिकटा प्रखण्ड के बेहरा गांव के पश्चिम माजर देणुआ नदीपर चेक डैम निर्माण के लिए वर्ष 2021-22 से प्रस्तावित योजना की प्रशासनिक स्वीकृति का कार्य लंबित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त चेक डैम की प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए चेक डैम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*302. श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव (क्षेत्र संख्या-216 जहानाबाद)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला अंतर्गत प्रखण्ड जहानाबाद पंचायत लरसा के ग्राम (कोरमा) मिल्की, खैरा मठीया और मिल्की बलवा पक्की सड़क से नहीं जुड़े रहने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त सभी बसावटों (गांवों) को पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पार्क खुलवाना

*303. श्री फते बहादुर सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत तिलौथू प्रखंड के इन्द्रपुरी में सोन बराज के अतिथि गृह के पास नवनिर्मित पार्क का निर्माण हुआ है, उस पार्क का उद्घाटन माननीय मंत्री के द्वारा जून, 2022 में किया गया और वह पार्क लगभग एक महीना खुला रहने के बाद बंद कर दिया गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पार्क को आम नागरिकों के लिए खुलवाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*304. श्री मोहम्मद नेहालउद्दीन (क्षेत्र संख्या-224 रफीगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि जिला औरंगाबाद अन्तर्गत प्रखण्ड रफीगंज में भटकुड़हा से गम्हरीया सेबुधौल तक पथ का निर्माण नहीं हुआ है, जिसके कारण ग्रामवासियों को आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*305. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत डंडखोरा प्रखंड के मनयन नदी में पहाड़पुर घाट पर पुल नहीं है, जिसके कारण महेशपुर ग्राम पंचायत की लगभग 25,000 की आबादी को प्रखंड मुख्यालय, डंडखोरा जाने हेतु 3 किलो मीटर के बदले 15 किलो मीटर दूरी तय करनी पड़ती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल के निर्माण कराने के लिये प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने हेतु शीर्ष राज्य योजना अंतर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल, बारसोई के द्वारा डी०पी०आर० जून, 2021 में ही विभाग के मुख्यालय में जमा किया गया है जिसको अभीतक प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान नहीं की गयी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त पुल के निर्माण हेतु प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

राशि का भुगतान करना

*306. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ०जा०))--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के देसरी प्रखंड अन्तर्गत भिखनपुरा पंचायत के दलित बस्ती में शौचालय का निर्माण के उपरान्त भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त दलित बस्ती के लाभुकों को शौचालय निर्माण की राशि का भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सफाई कराना

*307. श्री आबिदुर रहमान (क्षेत्र संख्या-49 अररिया)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के अररिया प्रखण्ड के गोढ़ी चैक से दियारी मजगामा तक जेबीसी नहर में अत्यधिक मात्रा में गाद जमा हो गया है, जिसके कारण नहर की चौड़ाई एवं गहराई कम हो गयी है जिससे किसानों को सिंचाई में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नहर में गाद की सफाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*308. श्री शकील अहमद खाँ (क्षेत्र संख्या-64 कदवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला अन्तर्गत कदवा प्रखण्ड के कोटा घाट पर पुल नहीं होने के कारण रिजवान पुर तथा बिझारा ग्राम पंचायत की लगभग 40,000 की आबादी को

अनुमंडल मुख्यालय, बारसोई जाने में 25 कि०मी० अधिक दूरी तय करनी पड़ती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक कोटा घाट पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पथ का पक्कीकरण

*309. श्री अचमित ऋषिदेव (क्षेत्र संख्या-47 रानीगंज (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड के ग्राम पंचायत विशनपुर वार्ड नं० 9 में मोती चौक से विश्वास टोला, महादलित टोला, बहाली बाबा स्थान, बनभाग महादलित टोला वार्ड नं० 8 होते हुये परमानंदपुर सीमा तक दूरी 2 किलो मीटर कच्ची सड़क का अबतक पक्कीकरण नहीं हुआ है, जिससे महादलित टोला बनभाग के लोगों को अबतक एकल सम्पर्कता नहीं मिल सका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का पक्ककीरण करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*310. श्री रामबली सिंह यादव (क्षेत्र संख्या-217 घोसी)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि जहानाबाद जिला के काको प्रखण्ड अन्तर्गत बारा पंचायत के रामपुर बारा गाँव के दक्षिण दो पईन (छिलका पईन और अहरा पईन) गुजरती है जिसे पारकर किसानों को अपने खेतों में कृषि कार्य हेतु जाना पड़ता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पईन में पुलिया नहीं रहने के कारण ताड़ का पेड़ रखकर किसान आना-जाना करते हैं जिससे किसानों के लिये हमेशा खतरा बना रहता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार दोनों पईन में पुलिया निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

तटबंध की मरम्मती

*311. डॉ० रामानुज प्रसाद (क्षेत्र संख्या-122 सोनपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखण्ड एवं नगर पंचायत के गोला बाजार चितरसेनपुर होते मेहुरा नदी एवं उत्तर की ओर मही नदी होते गंडक नदी तक जाने वाले मुगल कैनाल में गाद जमा हो जाने से नदी का पेटी उथली हो गयी है, जिससे बाढ़ एवं बरसात का पानी थोड़ा होने पर भी दोनों ओर की बसावट खासकर पश्चिम तटबंध जो ध्वस्त होकर नदी कैनाल के उथली होने से क्षतिग्रस्त हो गयी है, उसमें फैल जाती है, यदि हाँ, तो सरकार गाद उड़ाही एवं तटबंध को मजबूत कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*312. श्री राजीव कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत तारापुर प्रखण्ड के बिहया पंचायत के धनपुरा ग्राम स्थित मध्य विद्यालय, धनपुरा में अध्ययनरत बच्चों को गिद्धा नदी पर पुल नहीं रहने से उन्हें लगभग तीन-चार किलो मीटर घुमकर जाना पड़ता है, जिससे छोटे-छोटे बच्चों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*313. श्रीमती निशा सिंह (क्षेत्र संख्या-66 प्राणपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत प्राणपुर प्रखंड के केवटिया मोड़ से दुर्गापुर जाने वाली पथ पर वर्षों से रजपुतिया पुल ध्वस्त है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*314. श्री सुदामा प्रसाद (क्षेत्र संख्या-196 तरारी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के तरारी प्रखंड के बिहटा महुलानी में तेलहर नदी के दूसरे तरफ बड़े पैमाने पर खेती होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि तेलहर नदी में पुल नहीं होने के कारण किसानों को कृषि कार्य में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और बरसात में नदी पार करते समय कई लोग हादसे का शिकार हो चुके है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार तेहलर नदी पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*315. श्री मोहम्मद अनजार नईमी (क्षेत्र संख्या-52 बहादुरगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत बहादुरगंज बाजार में हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है जिस कारण मरीजों एवं आमजनों को घटों जुझना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जाम से मुक्ति हेतु झिलझिली सड़क से स्टेट बोरिंग होते हुये भाया बालिस्टर टोला पलासमनी होते हुये सेन्ट्रल बैंक मुख्य सड़क पार कर स्थानीय मा० विधायक के घर होते हुये एन०एच० 327 ई० तक सड़क निर्माण कर जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

बोरिंग चालू करना

*316. श्री नारायण प्रसाद (क्षेत्र संख्या-6 नौतन)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पश्चिमी चम्पारण जिला के नौतन प्रखंड अन्तर्गत शिवराजपुर भगवानपुर तथा बैरिया प्रखंड के पूजहां पटजिरवा, बगही बघम्बपुर का स्टेट बोरिंग वर्ष 2009 से बंद है, जिसके कारण सिंचाई बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बंद स्टेट बोरिंग को चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*317. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम प्रखंड अंतर्गत ग्राम पैसरा

के कोनहर से बक्सर नहर तक सड़क ही लंबाई 2.0 कि०मी० है जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिसपर आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*318. श्री धीरेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ रिंकू सिंह (क्षेत्र संख्या-1 वाल्मीकिनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पं० चम्पारण जिलान्तर्गत बगहा-2 प्रखंड के गोनौली और मलकौली गांव के बीच मनोर नदी पर पुल नहीं होने के कारण आमजनता को नदी पर आने-जाने में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जल निकासी करना

*319. डॉ० निक्की हेम्ब्रम (क्षेत्र संख्या-162 कटोरिया (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत असरगंज प्रखंड जोरारी पंचायत में मकवा मदारपुर रोड में मुश्कीपुर रोड मोड़ के पास जोर पर निर्मित पुलिया संकीर्ण एवं जर्जर हो जाने के कारण बरसात के समय जल-जमाव हो जाता है जिससे हजारों एकड़ फसल प्रतिवर्ष बर्बाद हो जाता है तथा रोड एवं भूमि का कटाव भी होता है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर निर्मित पुलिया को चौड़ा कर जल निकासी की व्यवस्था के साथ गाईड वॉल बनाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

बांध का जीर्णोद्धार

*320. श्री पंकज कुमार मिश्र (क्षेत्र संख्या-29 रून्नीसैदपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के रून्नीसैदपुर प्रखंडन्तर्गत प्रेमनगर पंचायत के वार्ड 12 में बेली बांध जर्जर है, जिससे आम लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त बांध का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पथ का निर्माण

*321. श्री राजेश कुमार गुप्ता (क्षेत्र संख्या-208 सासाराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के तिलौथु अंतर्गत निमियाडीह पथ से पावरग्रीड होते हुये भदोखरा गांव तक सड़क की लंबाई 3.0 कि०मी० है जो जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है, जिसपर आने-जाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क से सम्पर्कता

*322. श्री प्रेम शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिले के बैकुण्ठपुर विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत बैकुण्ठपुर प्रखंड के बास घाट मसुरिया मँदिर से महुआ अनुसूचित जाति के टोला जाने वाले ग्राम को आजतक सड़क का सम्पर्कता प्रदान नहीं की गई है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर सही है तो सरकार कबतक उक्त वर्णित सड़क से सम्पर्कता का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

योजना पूर्ण कराना

*323. श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के शाहकुण्ड प्रखंड में ग्राम-मंजत से चन्द्रभानपुर के बीच नदी में पुल सहित पहुँच पथ का निर्माण नहीं होने के कारण आमजनता को आवागमन में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर कार्य पूरा कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*324. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गंगा नदी पर सुल्तानगंज से अगुवानी घाट के बीच बन रहे फोरलेन पुल के निर्माण की आधार शिला 23 फरवरी, 2014 को रखी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस पुल का निर्माण कार्य पूर्ण कराने की समय-सीमा सात बार बढ़ाये जाने के बाद भी इस पुल का निर्माण आजतक पूर्ण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पुल के निर्माण का कार्य कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

स्ट्रीट लाइट को कार्यशील करना

*325. श्री संजय सरावगी (क्षेत्र संख्या-83 दरभंगा)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि एक्स-दीघा जे0पी0 सेतु लिंक पथ का निर्माण बिहार राज्य पथ निर्माण निगम द्वारा वर्ष 2018 ई0 में कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्णित पथ के किनारे सभी स्ट्रीट लाइट 2 वर्ष से बंद पड़ा हुआ है जिस कारण शाम होते ही सड़क अंधेरे में डूब जाता है और आये दिन दुर्घटना होती रहती है तथा वर्णित पथ के पश्चिम में घनी आबादी वाले कॉलोनी यथा विवेक विहार, चित्रकूट नगर तथा मिथिला कॉलोनी अवस्थित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ के किनारे बंद पड़े स्ट्रीट लाइट को कार्यशील करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल का निर्माण

*326. श्री ललित नारायण मंडल (क्षेत्र संख्या-157 सुलतानगंज)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सुलतानगंज प्रखंड के अंधरी नदी के ऊपर ग्राम-बंधाव के पास पुल नहीं रहने के कारण शाहकुण्ड एवं हाजीपुर के लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त स्थल पर पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

चेक डैम का निर्माण

*327. श्री राजीव कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-164 तारापुर)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के तारापुर विधान सभा अन्तर्गत हनुमना डैम से निकलने वाली बड़ुआ नदी में काफी गड्ढा होने के कारण तारापुर प्रखंड अन्तर्गत बेलाडी, बिहमा, गनेली एवं लौना सहित कई पंचायतों के किसानों को खेती के लिये पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो पाती है, जिससे लगभग 1000 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि पर कृषि कार्य प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बिहया पंचायत स्थित बिहया पुल के पास बड़ुआ नदी में एक चेक डैम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

कार्रवाई करना

*328. श्री जनक सिंह (क्षेत्र संख्या-116 तरैया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल, मढौरा, सारण द्वारा पानापुर प्रखंड के सतजोड़ा चकिया मेन रोड से कलवारी टोला चकिया तक पथ का निर्माण कार्य हेतु संवेदक द्वारा दिनांक 13 अप्रील, 2021 को एग्रीमेंट किया गया जिसका दिनांक 12 जनवरी, 2022 तक पूर्ण कराना था परंतु अभीतक पूर्ण नहीं हुआ जिसके कारण आम-आवाम को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है तथा सड़क का निर्माण कार्य प्राक्कलन के अनुरूप नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक दोषी व्यक्ति के विरुद्ध जाँच करवाकर कार्रवाई करते हुये उक्त पथ को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का निर्माण

*329. श्री छत्रपति यादव (क्षेत्र संख्या-149 खगड़िया)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत खगड़िया प्रखंड के दुर्गा सनहौली स्थान के बगल से लेकर पश्चिमी रेलवे कमलपुर तक सड़क निर्माण हेतु रेलवे द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र निर्गत कर दिये जाने के बावजूद आजतक पथ का निर्माण नहीं हुआ है, जिससे लोगों को आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*330. श्रीमती प्रतिमा कुमारी (क्षेत्र संख्या-127 राजापाकर (अ0जा0))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के देसरी प्रखंड अन्तर्गत वार्ड नम्बर 13, मुसहरी टोला में सम्पर्क सड़क नहीं रहने के कारण उक्त टोला के ग्रामीणों को चचरी पुल से आने-जाने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त टोला में मुख्य सड़क से सम्पर्क सड़क बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पथ का ऊँचीकरण

*331. श्री अली अशरफ सिद्दिकी (क्षेत्र संख्या-158 नाथनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत नाथनगर विधान सभा क्षेत्र के चम्पा नाला से मथुरापुर, हरिदासपुर तथा गोसाईदासपुर होते हुये श्रीरामपुर पथ की ऊँचाई कम रहने के कारण यह सड़क प्रतिवर्ष बाढ़ में डूब जाती है और प्रतिवर्ष मरम्मती पर लाखों रुपये खर्च करने पड़ते हैं, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त पथ का ऊँचीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुलिया का निर्माण

*332. श्री बागी कुमार वर्मा (क्षेत्र संख्या-215 कुर्था)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला के करपी प्रखंड के ग्राम पंचायत करपी अन्तर्गत बड़की पईन में कांदर के पास आर0सी0सी0 पुलिया नहीं होने से आमजनता, पुलिस प्रशासन को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त स्थान पर पईन में आर0सी0सी0 पुलिया बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

गाईडवॉल का निर्माण

*333. श्री प्रकाश वीर (क्षेत्र संख्या-235 रजौली (अ0जा0))--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिला के मेसकौर प्रखंड स्थित मेढकुरी पथरा पईन से हजारों एकड़ भूमि की सिंचाई विगत दस वर्षों से हो रही थी, परन्तु पिछली गाँव के पास तटबंध टूट जाने के कारण वर्तमान में सिंचाई कार्य बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक टूटे हुये तटबंध का मरम्मती/जीर्णोद्धार के साथ गाईडवॉल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*334. श्री मनोज यादव (क्षेत्र संख्या-163 बेलहर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिला के चाँदन प्रखंड स्थित पूर्वी कटसकरा पंचायत ग्राम-लालचन टोला में सुईया हरदिया मेन रोड से लालचन टोला भाया खमहआडीह तक तथा ग्राम-सरकंडा में सरकंडा मोड़ से पिड़रा मध्य टोला भाया पिहरा शिव मंदिर तक इन दोनों सड़कों का निर्माण नहीं होने से लोगों को आवागमन में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों सड़कों को प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

उड़ाही कराना

*335. श्री सिद्धार्थ सौरव (क्षेत्र संख्या-191 बिक्रम)--क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत बिक्रम विधान सभा क्षेत्र के प्रखण्ड नौबतपुर स्थित पंचायत-चकचेचौल के ग्राम-कोपाकला में जन-जीवन हरियाली के तहत वर्ष 2020 के जनवरी माह में आहर उड़ाही का कार्य विभाग द्वारा प्राक्कलन के अनुसार नहीं किये जाने से सिंचाई बंद है साथ ही आहर से निकला सम्पर्क पथ भी क्षतिग्रस्त हो चुका है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त आहर को पुनः उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*336. श्री मिश्री लाल यादव (क्षेत्र संख्या-81 अलीनगर)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के अलीनगर विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड घनश्यामपुर में कसरौर से दथुआ की लगभग एक कि0मी0 की सड़क वर्षों से जर्जर है जिससे यातायात बाधित रहता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पुल का निर्माण

*337. श्रीमती कविता देवी (क्षेत्र संख्या-69 कोढ़ा (अ0जा0))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत कोढ़ा प्रखण्ड के ग्राम पंचायत राज संदलपुर के मकईग्राम के समीप माँ बिहला घाट में भभुना नदी पर पुल नहीं रहने के कारण आमजनों को काफी लंबी दूरी तय करके जिला मुख्यालय जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नदी पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*338. श्री रणविजय साहू (क्षेत्र संख्या-135 मोरवा)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के ताजपुर प्रखंड में माधोपुर दिघरूआ महादेव स्थान से गुनाई बसही भतुआ जान चौक तक जाने वाली सड़क का शिलान्यास वर्ष 2019 में किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2020 में इस सड़क का निर्माण कार्य गिट्टी बिछाने के बाद से बन्द है जिसके कारण क्षेत्र की जनता को आवागमन में कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण पूरा नहीं करने के लिए दोषियों पर कार्रवाई करते हुए सड़क का निर्माण पूरा करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

--------

बांध बनाना

*339. श्री विजय कुमार मंडल (क्षेत्र संख्या-51 सिकटी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत कुर्साकाटा प्रखंड के बहेलिया नदी के पूर्व साइड में बांध नहीं हरने के कारण बरसात के समय बाढ़ के पानी से इस इलाके के किसानों का हजारों एकड़ में लगा फसल बर्बाद हो जाता है, जिससे आम लोगों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बहेलिया नदी के पूर्व साइड में बांध बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मती

*340. श्री अजीत शर्मा (क्षेत्र संख्या-156 भागलपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि उत्तर बिहार को भागलपुर शहर से जोड़ने वाली विक्रमशिला सेतु पर निर्मित सड़क मरम्मती के अभाव में जीर्ण-शीर्ण अवस्था में है जिसके कारण वाहनों के आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक विक्रमशिला सेतु पर निर्मित सड़क की तत्काल मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*341. श्री राहुल तिवारी (क्षेत्र संख्या-198 शाहपुर)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिला के शाहपुर प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम-धमवल अभीतक सड़क संपर्कता से नहीं जुड़ पाया है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम को सड़क संपर्कता से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

गाइड वॉल बनाना

*342. श्री अरूण सिंह (क्षेत्र संख्या-213 काराकाट)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट प्रखंड के बाद गाँव जयश्री राजवाहा के किनारे अवस्थित है एवं गाँव के पुरबी एवं पश्चिमी किनारे में पानी के बहाव के कारण राजवाहा नहर का पिंड का कटाव हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बाद गाँव से होकर गुजरने वाली जयश्री राजवाहा में पुरब एवं पश्चिम दोनों तरफ गाइडवॉल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*343. श्री मनोहर प्रसाद सिंह (क्षेत्र संख्या-67 मनिहारी (अ०ज०जा०))--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला के अमदाबाद प्रखण्ड अन्तर्गत अमदाबाद नगर पंचायत के गोविन्दपुर और रोशना कमरुद्दीन टोला सड़क के बीच बाढ़ के पानी के दबाव से प्रतिवर्ष सड़क जर्जर हो जाता है और आवागमन ठप्प हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पुल का निर्माण

*344. श्री भीम कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या-219 गोह)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत हसपुरा प्रखंड के सलेमपुर कॉलोनी से हलीमचक होते हुये प्रणपुरा तक सड़क जर्जर है और लोगों का आवागमन बाधित है तथा उक्त सड़क के मध्य में हलीम चक गाँव के पास बह/पईन पर पुल टूट जाने से लगभग 25 गाँवों का संपर्क टूट गया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो सरकार कबतक उक्त सड़क एवं पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

प्रावधान लागू करना

*345. श्री तारकिशोर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-63 कटिहार)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण विकास विभाग के अन्तर्गत संचालित "जीविका" परियोजना में 1 लाख 30 हजार सामुदायिक कैडर (कर्मी) कार्यरत है, जिसमें लगभग 1 लाख सिर्फ महिला कैडर कार्यरत है; उक्त कार्यरत महिला कैडर के लिये नीति का निर्धारण (नियमावली, मानदेय व भत्ता) जीविका प्रबंधन द्वारा किया जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कार्यरत महिला कैडर के लिये मातृत्व अवकाश (मैटरनीटी

लीव) एवं विशेष अवकाश (स्पेशल लीव) का प्रावधान नहीं है, जिससे गर्भावस्था के दौरान उसे काम से हटा दिया जाता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार महिला कैडरों के लिये मातृत्व अवकाश (मैटरनीटी लीव) एवं विशेष अवकाश (स्पेशल लीव) का प्रावधान लागू कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-------------

निर्माण कराना

*346. श्री अशोक कुमार चौधरी (क्षेत्र संख्या-92 सकरा (अ०जा०))--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के सकरा प्रखण्डान्तर्गत मीरापुर पंचायत के कुम्हरापाकड़ ग्राम में तिरहुत नहर के कारण हजारों एकड़ जमीन में जल-जमाव हो जाने से फसल प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त ग्राम स्थित तिरहुत नहर के पास जल निकासी हेतु सी०डी० निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

पंचायत का सृजन करना

*347. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, पंचायती राज विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के किरतपुर प्रखण्ड के गठन के समय निर्गत अधिसूचना में दस पंचायत था किन्तु वर्तमान समय में अब आठ पंचायत है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखण्ड के खैसा जमालपुर पंचायत के वर्दीपुर, लक्ष्मीपुर, ककोरवा, रघुनाथपुर, रमखेतरिया, चकला, कदवारा, झगरूआ, तरवाड़ा पंचायत के पकड़िया, सिरनियाँ, लक्ष्मीनियां, डाका, बलुआहा, अमृतनगर, रामपुर एवं रसियारी पौनी पंचायत के पौनी, दरगहिया, शंकरपुर, छिलकोरा, बबनाहा, कठाल, सिरनियां गाँव दो नदियों के बीच अवस्थित है, जिसके कारण राशन दुकान से सामान लेने एवं पंचायत से संबंधित कार्य हेतु बाढ़ के समय 15-17 कि०मी० घुम कर सहरसा सीमा होकर आना-जाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त गाँवों को मिलाकर दो नये पंचायत की सृजन करने पर विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*348. श्री देवेश कान्त सिंह (क्षेत्र संख्या-111 गोरेयाकोठी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत लकड़ी नवीगंज प्रखंड के जगतपुर साई टोला से महुआरी बाजार तक जाने वाली पथ एवं बसंतपुर प्रखंड के शहरकोला मध्य विद्यालय से मोलनापुर बनियाटोला तक जाने वाली पथ गड्ढे में तब्दील हो गया है, जिसके कारण आये दिन दुर्घटनाएँ होती रहती है, एवं बरसात के दिनों में सड़कों पर पानी भर जाने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित प्रखंडों के उक्त गाँवों की सड़कों का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-------------

सड़क का निर्माण

*349. श्री पवन कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-155 कहलगाँव)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के सन्हौला प्रखण्ड अन्तर्गत उधामाडीह गाँव का पक्की सड़क से संपर्क नहीं होने के कारण ग्राम वासियों को आवागमन में परेशानी होती है एवं बरसात के दिनों में पैदल चलना भी मुश्किल होता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उधामाडीह गाँव को पक्की सड़क से जोड़ने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

*350. श्रीमती स्वर्णा सिंह (क्षेत्र संख्या-79 गौड़ाबौराम)--क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के गौड़ाबौराम एवं किरतपुर प्रखंड निर्माण की अधिसूचना का प्रकाशन लगभग 29 वर्ष पूर्व में की गई थी जिसका भवन अभीतक नहीं बना है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रखंडों के लिये निर्गत अधिसूचना में प्रखंड मुख्यालय के लिये चयनित गांव में सरकारी भू-खंड नहीं रहने के कारण आजतक उक्त प्रखंडों के भवन का निर्माण नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक गौड़ाबौराम एवं किरतपुर प्रखंडों के लिये अधिसूचना में उल्लेखित प्रखंड मुख्यालय के लिये चयनित गांव को बदलकर प्रखंड मुख्यालय के लिये सरकारी भू-खंड उपलब्धता वाले गांव में प्रखंड मुख्यालय भवन का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

सड़क का निर्माण

*351. श्री राणा रणधीर (क्षेत्र संख्या-18 मधुबनी)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिला के दरियापुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम सुमेरपट्टी से ग्राम घुरहों कोठिया, सेमरहिया, बलुवहियाँ होते हुये ग्राम बेला तक नदी के बायाँतट बांध पर लगभग 8 कि०मी० सड़क का निर्माण 15 वर्ष पूर्व में कराया गया था, जो ग्राम-घुरहों कोठियाँ, मोहन कोठिया, मुजौना, घरमागत, सेमरहीयाँ बलुवहियाँ, जगदीसपुर के लाखों आबादी को मुख्य सड़क NH-19 से जोड़ती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क पिछले 07 वर्षों से जर्जर स्थिति में है जिससे वाहनों का आवागमन लगभग बंद हो गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त सड़क का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पुल का निर्माण

*352. श्री फते बहादुर सिंह (क्षेत्र संख्या-212 डिहरी)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत डिहरी प्रखंड के ग्राम गरवटविघा में सोन उच्च स्तरीय नहर प्रमंडल सासाराम का 9 आर०डी० पर पुल है, जो संकरा एवं क्षतिग्रस्त है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पुल से किसानों का फसल कटाई हेतु हार्वेस्टर नहीं जा पाता है और यह पुल लगभग पाँच गांव का मुख्य मार्ग है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त क्षतिग्रस्त पुल का नये सिरे से निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पी०सी०सी० करना

*353. श्री मुकेश कुमार यादव (क्षेत्र संख्या-27 बाजपट्टी)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत पी०डब्लू०डी० सड़क भदियन से चकौती तक जो निर्माण कराया गया है उसमें-कालीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है परन्तु जहां-जहां पी०सी०सी० कराना था अभीतक कार्य नहीं हुआ हे जिससे आमजनों को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पी०सी०सी० कार्य कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

*354. श्री विश्व नाथ राम (क्षेत्र संख्या-202 राजपुर (अ०जा०))--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला के प्रखंड इटाढ़ी के पकड़ी नारायणपुर मुख्य मार्ग से बसुधर बैकुण्ठपुर होते हुये बड़का गांव तक 10 कि०मी० की सड़क जर्जर है, जिससे यातायात में कठिनाई हो रही है तथा आये दिन दूर्घटना होती रहती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक बक्सर जिला के प्रखंड इटाढ़ी के पकड़ी नारायणपुर मुख्यमार्ग से बसुधर बैकुण्ठपुर होते हुये बड़का गांव तक सड़क निर्माण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सफाई कराना

*355. श्री प्रेम शंकर प्रसाद (क्षेत्र संख्या-99 बैकुण्ठपुर)--क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत गंडक नदी स्थित डुमरिया घाट एवं बंगरा घाट में गाद की सफाई का कार्य आजतक कभी भी नहीं हुआ है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डुमरिया घाट 13 पाया का पुल में से मात्र सात पाया से एवं बंगरा घाट 38 पाया के पुल से मात्र 12 से 15 पाया से पानी का निकासी होता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त घाटों का सफाई कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का निर्माण

*356. श्री महानंद सिंह (क्षेत्र संख्या-214 अरवल)--क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि करपी प्रखंड के रामपुरचाय पंचायत के पीढ़ों गांव में उसरी बाजारसे जाने वाली सड़क कच्ची है, जिससे बरसात में आना-जाना मुश्किल हो जाता है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पीढ़ों गांव से प्रखंड एवं जिला मुख्यालय जाने के लिये करीब 10 से 15 किलोमीटर दूर पिरू बनतारा पथ, औरंगाबाद से जाना पड़ता है, जिससे किसान मजूदर आम नागरिकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पीढ़ों गांव से उसरी बाजार तक जानेवाली सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पुल का निर्माण

*357. श्री कुमार शैलेन्द्र (क्षेत्र संख्या-152 बिहपुर)--क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर विधान सभा के खरीक प्रखंड के लोकमानपुर पंचायत के पास कोसी धार में विगत् 8-10 वर्षों से पुल निर्माण कार्य चल रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि पुल निर्माण के विलंब होने के कारण दस हजार की आबादी वाले गांव के निवासी को कठिनायों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पुल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पटना:
दिनांक 01 मार्च, 2023 (ई०) ।

पवन कुमार पाण्डेय,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि०स०मु०-69 (एल०ए०), 2022-23 डी०टी०पी०-550